RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 168 • 09:10:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-

# हरियाणा में बीजेपी की हैट्रिक | जम्मू-कश्मीर में NC-कांग्रेस की सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए हो रही मतगणना में भाजपा ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। राज्य की 90 में से 50 सीटों पर भाजपा आगे है, जबकि कांग्रेस 35 सीटों पर और निर्दलीय तीन सीटों पर आगे चल रहे हैं। ये चुनावी रुझान एग्जिट पोल के तमाम अनुमानों से ठीक उलट हैं। ऐसे में फिर से इस बात की चर्चा होने लगी है कि क्या भाजपा ने अपनी पुरानी ट्रिक आजमा कर हरियाणा में चुनावी बाजी पलट दी और हरियाणा में चुनावी इतिहास रचते हुए जीत की हैट्रिक लगाई है। इससे पहले राज्य में अब तक किसी भी राजनीतिक दल ने लगातार तीन बार चुनावों में जीत दर्ज नहीं की थी।

**क्या है भाजपा की वह ट्रिक** : दरअसल, भाजपा किसी भी राज्य में अपनी सरकार के लंबे कार्यकाल के खिलाफ उपजे जनाक्रोश या गुस्से को दबाने और एंटी इनकम्बेंसी फैक्टर को कम करने के लिए चुनावों से कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री को बदलती रही है। भाजपा ने इसका सफल प्रयोग गुजरात में किया था। उसके बाद उत्तराखंड में भी भाजपा इसे आजमा चुकी थी। उसी ट्रिक को भाजपा ने चुनावों से कुछ महीने पहले हरियाणा में भी आजमाया और तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को हटाकर और उनकी जगह नायब सिंह सैनी की ताजपोशी करवा दी। भाजपा ने इसी के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष को भी बदल दिया।

## सीएम बदलो-नाराजगी दूर करो; बीजेपी की पुरानी ट्रिक कर गई काम




खट्टर ने 26 अक्तूबर 2014 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। वह इस पद पर 12 मार्च 2024 तक रहे। फिर उनकी जगह उनके ही करीबी और प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रहे नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया गया। इसके बाद भाजपा खट्टर को केंद्र की राजनीति में ले आई। इससे हरियाणा में खट्टर सरकार के प्रति जो नाराजगी और एंटी एनकम्बेंसी थी, वह कम हो गई। चूंकि नायब सिंह सैनी अभी नए-नए मुख्यमंत्री हैं और उनका कार्यकाल बहुत छोटा रहा और इस बीच उन्होंने कई जन कल्याणकारी योजनाओं का ऐलान किया। इसलिए आम जनों को भाजपा ये संदेश देने में कामयाब रही कि सैनी को एक और मौका देना चाहिए, ताकि वह पूर्ण कार्यकल के लिए काम कर सकें।

**पीएम मोदी ने भी कम रैलियों को किया संबोधित** : खट्टर गैर जाट नेता थे और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की पसंद थे। चूंकि भाजपा लोकसभा चुनावों में यह देख चुकी है कि केंद्रीय नेतृत्व के प्रति जनाक्रोश है, इसलिए प्रदेश स्तर के नेताओं को चुनाव प्रचार में खुली छूट दी और संभवतः यही वजह रही कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिर्फ चार चुनावी रैलियां हरियाणा में कीं, जबकि इससे पहले 2014 और 2019 में उन्होंने धुआंधार चुनाव प्रचार किया था। ऐसा कर प्रधानमंत्री ने जवानों, पहलवानों और अग्विनीरों के तथाकथित आक्रोश को भी कम करने की सोची समझी रणनीति पर काम की और चुनावों के दौरान केंद्र सरकार की कई संस्थाओं ने भर्तियों में अग्निवीरों के लिए कोटे का ऐलान किया। रही-सही कसर भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र के जरिए पूरी कर दी, जिसमें महिलाओं को कांग्रेस से भी ज्यादा नकद देने का वादा किया गया है।

**भाजपा ने और कहां अपनाई CM बदलो ट्रिक** : भाजपा ने गुजरात में 2022 के विधानसभा चुनावों से पहले विजय रुपाणी की जगह भूपेंद्र पटेल को मुख्यमंत्री बना दिया था। इससे नरेंद्र मोदी के बाद की सरकार के खिलाफ उपजा एंटी इनकम्बेंसी फैक्टर कम हो गया था और 2022 के दिसंबर में गुजरात चुनावों में भाजपा फिर से जीतने में कामयाब रही थी। गुजरात में यह भाजपा की डबल हैट्रिक थी। इसी तरह उत्तराखंड में भी 2022 के विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा ने वहां के मुख्यमंत्री को बदल दिया था। पहले त्रिवेंद्र सिंह रावत को हटाकर उनकी जगह तीरथ सिंह रावत को मुख्यमंत्री बनाया गया। बाद में उन्हें भी हटाकर पुष्कर सिंह धामी को सीएम बनाया गया था। उत्तराखंड में भी भाजपा विधानसभा चुनावों में इस ट्रिक से कमबैक करने में कामयाब रही थी।

## हरियाणा के नतीजे अप्रत्याशित और अस्वीकार्यः कांग्रेस



**नई दिल्ली**। कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को अप्रत्याशित और अस्वीकार्य बताया है। पार्टी ने कहा कि नतीजे अचंभित करने वाले हैं। इससे लगता है कि यह सिस्टम (तंत्र) की जीत है, लोकतंत्र की हार है। हम इस हार को स्वीकार नहीं कर सकते। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के मंगलवार को आए नतीजों के बाद पार्टी महासचिव जयराम रमेश और पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मतगणना के बारे में हमें सुबह से ही शिकायतें मिल रही हैं। हम अपने विश्लेषण और इन शिकायतों पर मंथन कर अगले एक या दो दिन में चुनाव आयोग के पास जाएंगे और अपना पक्ष रखेंगे।




## जम्मू-कश्मीर में NC-कांग्रेस की सरकारःफारूक अब्दुल्ला बोले- उमर सीएम बनेंगे; नौशेरा में हार के बाद रविंदर रैना का बीजेपी अध्यक्ष पद से इस्तीफा

**श्रीनगर**। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आ गया है। नेशनल कांफ्रेंस (NC) और कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। गठबंधन को 48 सीटें मिली हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस को 42 और कांग्रेस को 6 सीटें मिलीं। भाजपा ने 29 सीटों पर जीत दर्ज की। पीडीपी को 3 सीट मिली। एक-एक सीट आम आदमी पार्टी, जेपीसी और CPI(M) के खाते में आई। 7 निर्दलीय भी जीते। 90 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 46 है। इस बीच, नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा- उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के अगले CM होंगे। उमर अब्दुल्ला ने दो सीटों (बडगाम और गांदरबल) पर चुनाव लड़ा और दोनों पर जीत दर्ज की। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती श्रीगुफवारा-बिजबेहरा सीट से हार गईं। उन्होंने कहा- मैं लोगों के फैसले को स्वीकार करती हूं। उधर नौशेरा सीट से हारने के बाद रविंदर रैना ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की 90 सीटों में से 43 जम्मू और 47 कश्मीर में हैं। भाजपा ने जम्मू रीजन की सभी 43 सीटों पर चुनाव लड़ा और 29 सीटें जीती। वहीं कश्मीर रीजन की 47 सीटों पर भाजपा ने 20 कैंडिडेट उतारे थे। यहां भाजपा का खाता नहीं खुल पाया। गुरेज सीट से एक उम्मीद थी। यहां से फकीर मोहम्मद खान बीजेपी के कैंडिडेट थे। फकीर मोहम्मद 28 साल पहले 1996 में गुरेज से निर्दलीय विधायक चुने गए थे। फिर कांग्रेस में गए, हार गए। इस बार बीजेपी से भी उन्हें हार मिली। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस का गठबंधन कश्मीर में पहले से मजबूत था। नेशनल कांफ्रेंस की 42 सीटों में से करीब 35 से ज्यादा सीटें कश्मीर रीजन से मिली हैं। वहीं कांग्रेस ने भी कश्मीर संभाग से 6 सीटें जीतीं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुइज्जू और उनकी पत्नी ने ताजमहल देख हुए भाव विभोर बोले-वाह, ताज!



**आगरा**। भारत के दौरे पर आए मालदीव के राष्ट्रपति डॉक्टर मोहम्मद मुइज्जू और उनकी पत्नी साजिदा ने मंगलवार को मोहब्बत की निशानी और दुनिया की खूबसूरत इमारत ताजमहल का दीदार किया। राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी पत्नी प्यार की इस धरोहर को देखकर भाव विभोर हो गए और कहा, वाह, ताज !। मुइज्जू की यात्रा को देखते हुए ताजमहल में सुबह से ही आम जनता की एंट्री पर रोक लगा दी गई थी। उनके अगवानी के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय को विशेष रूप से भेजा था। मुइज्जू और उनकी पत्नी ताजमहल देखने का समय तय था। इसको देखते हुए ताजमहल में सुबह 8 से 10 बजे तक पर्यटकों की एंट्री पर रोक लगा दी गई थी। इस दौरान पूर्वी और पश्चिमी गेट स्थित टिकट विंडो भी बंद रहे। यूपी सरकार के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि भारत और मालदीव के मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत बनाए रखने के लिए यह एक ऐतिहासिक पल है। बता दें राष्ट्रपति मुइज्जू रविवार को नई दिल्ली पहुंचे थे, जहां सोमवार को राष्ट्रपति भवन में उनका जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि उनके देश की मालदीव फर्स्ट की नीति से भारत के संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मालदीव कभी भी कुछ ऐसा नहीं करेगा जिससे भारत की सुरक्षा को नुकसान पहुंचे। दूसरे देशों के साथ मालदीव के संबंधों का भारत के साथ रिश्ते पर असर नहीं पड़ेगा। यह यात्रा इसे और मजबूती देगी।

### संक्रामक बीमारी ट्रेकोमा के उन्मूलन में भारत को मिली सफलता, डब्ल्यूएचओ ने दिया प्रमाण पत्र

**नई दिल्ली**। आंखों के रोग ट्रेकोमा के उन्मूलन में भारत सरकार ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मंगलवार को भारत को दक्षिण-पूर्व एशिया में सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में ट्रेकोमा के उन्मूलन के लिए प्रमाण पत्र सौंपा है। इसके साथ ही भारत ट्रेकोमा के उन्मूलन में इस क्षेत्र में तीसरा देश बन गया है। ट्रेकोमा आंखों का एक रोग है जो 'क्लैमाइडिया ट्रेकोमैटिस' नामक बैक्टीरिया से संक्रमण की वजह से होती है। संक्रमित व्यक्ति की आंखों और नाक से स्राव होने और उसके संपर्क में आने से यह बीमारी होती है। इस बैक्टीरिया से संक्रमित लोगों की आंखों और नाक के संपर्क में आने वाली मक्खियां भी इसे फैलाती हैं। ट्रेकोमा के मामले अब भी 44 देशों में देखने को मिलते हैं और विश्वभर में 19 लाख लोग इसके कारण दृष्टिहीनता से पीड़ित हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि भारत की सफलता का श्रेय सरकार के मजबूत नेतृत्व और नेत्र रोग विशेषज्ञों तथा स्वास्थ्य सेवा कर्मियों के अन्य संवर्गों की प्रतिबद्धता को जाता है। उन्होंने सक्रिय ट्रेकोमा की प्रभावी निगरानी, निदान और प्रबंधन, ट्राइकियासिस के लिए शल्य चिकित्सा सेवाओं का प्रावधान तथा समुदायों के बीच जल, स्वच्छता और सफाई, विशेष रूप से चेहरे की सफाई को बढ़ावा देने के लिए भागीदारों के साथ मिलकर काम किया।

## वायु सेना के विमानों ने चेन्नई के आसमान में दिखाए करतब, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

▪ वैश्विक सुरक्षा वातावरण में मजबूत और सक्षम वायु सेना की जरूरत : एपी सिंह



भारतीय वायु सेना ने अपनी 92वीं वर्षगांठ पर मंगलवार को चेन्नई के तांबरम स्टेशन पर वायु शक्ति और 'आत्मनिर्भरता' के संकल्प का प्रदर्शन किया। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने औपचारिक परेड की समीक्षा करने के बाद कहा कि वर्तमान वैश्विक सुरक्षा वातावरण में एक मजबूत और सक्षम वायु सेना की आवश्यकता है। आज के बहु क्षेत्रीय वातावरण में नवीनतम तकनीक को नवीन सोच के साथ अपनाना महत्वपूर्ण है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने समारोह की शोभा बढ़ाई जबकि औपचारिक परेड की समीक्षा वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने की। अपने संबोधन में वायु सेना प्रमुख ने राष्ट्रीय हितों को चुनौती देने वाली किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए भारतीय वायु सेना को तैयार रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक सुरक्षा वातावरण निरंतर परिवर्तनशील स्थिति में है और चल रहे संघर्षों ने एक मजबूत और सक्षम वायु सेना की अपरिहार्य आवश्यकता को प्रदर्शित किया है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हम बेहतर तकनीक के साथ और अधिक सशक्त हुए हैं और प्रणालियों और हथियारों के दोहन के नए स्तर हासिल किए हैं। वायु सेना प्रमुख ने वायु सेना दिवस को वायु सेना के योद्धाओं के लिए राष्ट्र की सेवा में खुद को फिर से समर्पित करने, पिछले वर्ष का आत्मनिरीक्षण करने, उपलब्धियों का जश्न मनाने, सुधार के क्षेत्रों को पहचानने और वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार खुद को फिर से तैयार करने का अवसर बताया। पिछले वर्ष की उपलब्धियों पर उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना ने विभिन्न मोर्चों पर अपनी क्षमता साबित की है। हमारा प्राथमिक उद्देश्य हर बार समय पर, लक्ष्य पर हथियार पहुंचाना है और फरवरी, 2024 में पोखरण रेंज में अग्नि शक्ति प्रदर्शन अभ्यास 'वायु शक्ति' के दौरान इस क्षमता का सही ढंग से प्रदर्शन किया गया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हमारी प्राथमिकता है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि इस साल भारतीय वायु सेना ने मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अभ्यासों में अपनी भागीदारी का विस्तार किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय धरती पर सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'तरंग शक्ति' का सफल आयोजन भारत के वायु योद्धाओं की क्षमता और व्यावसायिकता का प्रमाण है। वायु सेना प्रमुख ने पिछले एक साल में किए गए विभिन्न अभियानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय वायु सेना हमेशा से ही देश और विदेश में मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाली रही है। उन्होंने वायु योद्धाओं को अनुकूल और कामकाजी माहौल प्रदान करने के लिए भारतीय वायु सेना की पूरी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। परेड की शुरुआत राष्ट्रपति ध्वज के साथ मार्चिंग-इन से हुई, जो गर्व, एकता, शक्ति और दल भावना का प्रतीक है।

### पीएम मोदी ने वायुसेना दिवस की बधाई दी

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वायु सेना दिवस के अवसर पर देश के बहादुर वायु योद्धाओं को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर लिखा, "हमारे बहादुर वायु योद्धाओं को वायुसेना दिवस की बधाई। हमारी वायुसेना को उनके साहस और पेशेवराना अंदाज के लिए सराहा जाता है। देश की रक्षा में उनकी भूमिका बेहद सराहनीय है।

## मामूली विवाद पर अकोला में हिंसा, पथराव व आगजनी, क्षेत्र में तनाव



**अकोला**। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है। इस बीच महाराष्ट्र के अकोला में दो गुटों के बीच तनाव पैदा हो गया है। जानकारी के मुताबिक इस तनाव के चलते कई जगहों पर आगजनी और पथराव के साथ भारी भीड़ सड़कों पर उतर आई है। घटना के बाद तुरंत मौके पर पुलिस बल पहुंच गया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर कर स्थिति को नियंत्रण में किया है। घटना सोमवार शाम हुई जब एक ऑटोरिक्शा मोटरसाइकिल से टकरा गया, जिससे दोनों में विवाद हो गया। विवाद के बाद तनाव इतना बढ़ कि दो समूहों के सदस्यों ने एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया और तीन दोपहिया वाहनों और एक ऑटोरिक्शा को आग के हवाले कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विवाद के दौरान कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस को मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। अधिकारियों ने भीड़ को तितर-बितर करने लाठीचार्ज भी किया। पुलिस ने बताया कि सोमवार को महाराष्ट्र के अकोला में दो समूहों के बीच झड़प हुई, जिसमें पथराव हुआ और कई वाहनों में आग लगा दी गई। अकोला पुलिस के मुताबिक शहर के हरिहर पेठ इलाके में एक ऑटोरिक्शा और एक मोटरसाइकिल के बीच टक्कर के बाद यह विवाद शुरू हुआ। घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि विवाद के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस बीच, शांति बनाए रखने और हिंसा को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को भी तैनात किया गया है। हरिहर पेट इलाके में गाडगे महाराज की प्रतिमा है, उसी इलाके में ये पथराव और आगजनी हुई। शुरुआती जानकारी है कि फीस को लेकर दो गुटों में तनाव पैदा हो गया है और पुलिस और सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं। सुरक्षाकर्मियों की टीमों द्वारा भीड़ को तितर-बितर किया गया। इस बीच अकोला के हरिहर पेठ इलाके में पथराव और आगजनी अकोला पुलिस की विफलता है।

### पेंशनर्स सावधान! व्हाट्सएप्प पर चल रही एक धोखाधड़ी के बारे में दी चेतावनी

**नई दिल्ली**। पेंशनर्स को हर साल उस वित्तीय संस्थान में जीवन प्रमाण पत्र जमा करना होता है जहां से उसे पेंशन मिलती है। इस बीच केंद्र सरकार ने पेंशनर्स को एक अलर्ट जारी कर व्हाट्सएप पर चल रही एक धोखाधड़ी के बारे में चेतावनी जारी की है। जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की डेट करीब आने के साथ ही धोखेबाज भी सक्रिय हो गए हैं। वे पॉपुलर मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप के जरिए पेंशनर्स को निशाना बना रहे हैं। पेंशनर्स को व्हाट्सएप पर मैसेज मिलता है। इनमें दावा किया जाता है कि पुराने जीवन प्रमाण पत्र के कारण उनकी पेंशन खतरे में है। इसमें एक लिंक दिया जाता है और पेंशनर्स से कहा जाता है कि वे इस पर अपने बैंक खाते का विवरण या पीपीओ नंबर अपडेट करें।

## राजनाथ सिंह और जर्मन समकक्ष पिस्टोरियस रक्षा सहयोग मजबूत करने पर सहमत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जर्मन संघीय रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने हवाई और समुद्री क्षेत्र में अभ्यास और रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई। इसके अलावा रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने और आपूर्ति श्रृंखला के तौर तरीकों और साधनों पर भी चर्चा हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके जर्मन समकक्ष बोरिस पिस्टोरियस ने क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करके अपनी प्राथमिकताएं साझा कीं। बोरिस पिस्टोरियस के साथ टेलीफोनिक वार्ता के बारे में जानकारी साझा करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ सार्थक चर्चा हुई। हमने क्षेत्रीय मुद्दों और अपनी साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा की। हम भारत और जर्मनी के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर भी सहमत हुए। बोरिस पिस्टोरियस जून माह में चार दिवसीय भारत दौरे पर आये थे, तब भी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय वार्ता की थी। जर्मन संघीय रक्षा मंत्री ने मुंबई जाकर पश्चिमी नौसेना कमान मुख्यालय और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड का दौरा किया था। पिस्टोरियस ने कहा कि जर्मनी भारत जैसे भागीदारों का समर्थन करने के लिए तैयार है।

## जयशंकर एससीओ बैठक में लेंगे भाग, पाकिस्तान से संबंधों पर नहीं करेंगे बात

**एजेंसी। करांची**



भारत ने पाकिस्तान के निमंत्रण का सम्मान करते हुए कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर पाकिस्तान जाएंगे। एससीओ कॉन्फेंस में भारत शिरकत करेगा। लेकिन पाक मीडिया को ये बात हजम ही नहीं हो रही है। पाकिस्तानी टीवी चैनल में बैठे एक्सपर्ट्स उन्हें समझा रहे हैं और दूसरी तरफ पाकिस्तानी आवाम शहबाज सरकार को कोस रही है। जयशंकर ने कहा कि मैं इस महीने पाकिस्तान जाने वाला हूं और ये मेरी यात्रा एससीओ मीटिंग के मद्देनजर होगी। एस जयशंकर ने साफ कर दिया कि मैं बहुपक्षीय वार्ता में हिस्सा लूंगा। भारत और पाकिस्तान के संबंधों पर बात करने नहीं जा रहा हूं। मैं एससीओ का एक जिम्मेदार सदस्य होने के नाते वहां जा रहा हूं। कुल मिलाकर कहें कि पाकिस्तान ने एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर की आगामी इस्लामाबाद यात्रा के दौरान द्विपक्षीय मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत से इनकार कर दिया। भारत ने घोषणा की कि जयशंकर इस्लामाबाद में एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान में एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। जयशंकर ने अपनी पाकिस्तान यात्रा के दौरान द्विपक्षीय वार्ता की संभावनाओं से इनकार किया है। जयशंकर की यात्रा और भारत-पाकिस्तान संबंधों के बारे में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को इस यात्रा के संबंध में आधिकारिक सूचना मिल गई है और वह सभी सदस्यों का स्वागत करने के लिए तैयार है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने मां कात्यायनी से सभी के जीवन में शक्ति, सामर्थ्य और साहस के संचार की प्रार्थना की

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह नवरात्रि के पावन अवसर पर मां कात्यायनी का स्मरण करते हुए वंदन किया। उन्होंने कहा कि मां के आशीर्वाद से सभी के जीवन में शक्ति, सामर्थ्य और साहस का संचार हो। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर लिखा, ''नवरात्रि की षष्ठी पर मां कात्यायनी का विशेष वंदन! माता के आशीर्वाद से उनके सभी भक्तों के जीवन में शक्ति, सामर्थ्य और साहस का संचार हो, यही प्रार्थना है।'' धार्मिक मान्यता के अनुसार, दुर्गा मां के छठे स्वरूप देवी कात्यायनी की पूजा करने से साधक को सभी प्रकार के रोगों से मुक्ति मिलती है। सुख और समृद्धि में भी वृद्धि होती है। पुराणों के अनुसार, देवी कात्यायनी ऋषि कात्यायन की पुत्री थीं । इसीलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। एक अन्य मान्यता यह भी है कि गोपियों ने श्रीकृष्ण की प्राप्ति के लिए मां कात्यायनी की आराधना की थी। तभी से ऐसा कहा जाता है कि जो भी कन्या मां की पूजा करती है उसे मनचाहे वर की प्राप्ति होती है।



### रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को लोक जनशक्ति पार्टी संस्थापक और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। मोदी ने कहा कि रामविलास पासवान उत्कृष्ट नेता थे, जो गरीबों को सशक्त बनाने, एक मजबूत और विकसित भारत के निर्माण के लिए समर्पित थे। प्रधानमंत्री ने दिवंगत नेता के साथ अपनी पुरानी तस्वीर एक्स पर साझा करते हुए पोस्ट कियाः"मैं अपने बहुत प्रिय मित्र और भारत के सबसे बड़े नेताओं में से एक श्री रामविलास पासवान जी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वे एक उत्कृष्ट नेता थे, जो गरीबों को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह समर्पित थे और एक मजबूत और विकसित भारत के निर्माण के लिए समर्पित थे। मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने वर्षों तक उनके साथ इतने करीब से काम किया है। मुझे कई मुद्दों पर उनकी अंतर्दृष्टि की बहुत याद आती है।



## पटना एयरपोर्ट के नजदीक से हटाएं मांस-मछली की दुकानें, फरमान जारी, पेड़ों की भी छटाई

**पटना,एजेंसी।** पटना एयरपोर्ट के आसपास स्थित मांस-मछली की दुकानों पर अब ऐक्शन लिया जाएगा। प्रमंडलीय आयुक्त मयंक वरवड़े ने नगर निगम के अधिकारियों से कहा है कि बार-बार निर्देश के बावजूद पटना एयरपोर्ट के आसपास से मांस-मछली की दुकानें क्यों नहीं हटाई जा रही। ऐसी दुकानों के कारण एयरपोर्ट के आसपास पक्षियों का जमावड़ा हो रहा है। इससे एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था में चूक हो सकती है, इसीलिए निगम अभियान चलाकर ऐसी दुकानों को तत्काल हटाएं। आयुक्त ने कहा कि जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर सर्वोतम नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता तथा उच्चतम सुरक्षात्मक मानकों का अनुपालन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पर्यावरण समिति से जुड़े जितने भी विभाग हैं उनके अधिकारियों को समन्वय बनाकर सुरक्षा मानक के अनुसार काम करना चाहिए। आयुक्त ने दानापुर, फुलवारीशरीफ और नूतन राजधानी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि एयरपोर्ट के आसपास मांस-मछली की दुकानों के लिए को नोटिस जारी कर उन्हें निर्धारित समय के तहत हटाएं। इस संबंध में नगर निगम के अधिकारियों ने आयुक्त को बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान दर्जनों दुकानों को हटाया जा चुका है, चिह्नित दुकान जल्द हटाई जाएंगी। आयुक्त ने नगर कार्यपालक पदाधिकारियों को नियमित तौर पर नोटिस चिपकाने तथा वाल पेंटिंग कराने को कहा है। आयुक्त ने कहा कि मांस-मछली की दुकानों के कारण पक्षियों का आकर्षण का केंद्र यह इलाका बना हुआ है। यदि यहां से हटा दिया जाए तो यह समस्या समाप्त हो जाएगी।

# नीतीश कुमार की जबतक सांसें होगी वो सीएम रहेंगे : अनिरुद्धाचार्य

### बोले- बस बिहार में गौ हत्या बंद करनी होगी, महाराष्ट्र जैसे राज माता का दर्जा मिले



**समस्तीपुर ,एजेंसी।** नीतीश कुमार की जब तक सांसें रहेंगी वो मुख्यमंत्री बने रहेंगे, अगर वो बिहार में गौ हत्या बंद करवा देते हैं तो..। नीतीश बाबू को राज्य के सारे बूचड़खानों के लाइसेंस रद्द करने होंगे। नीतीश कुमार के आजीवन सीएम रहने की गारंटी कथा वाचक अनिरुद्ध आचार्य महाराज ने दी है। उनका कहना है कि इसके लिए मुख्यमंत्री को बिहार में गौ हत्या बंद करवानी होगी। गाय को राज माता का दर्जा देना होगा और प्रदेश के सारे बूचड़खानों का लाइसेंस रद्द करना होगा।

अनिरुद्धाचार्य महाराज ने ये बातें समस्तीपुर के सरायरंजन के उदयपुर में चल रहे भागवत कथा के तीसरी दिन कहीं। इस दौरान प्रदेश के जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी भी वहां मौजूद थे। मंत्री विजय चौधरी से उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में जिस तरह से गाय को सम्मान मिला है, उसी तरह आपको भी गाय को कटने से बचाना चाहिए।

अनिरुद्धाचार्य महाराज की बातों का जवाब देते हुए विजय चौधरी ने कहा कि उनके मुख्यमंत्री और उनकी सरकार गाय को माता मानती है। और उनकी बातों को वो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास जरूर रखेंगे। अनिरुद्धाचार्य महाराज ने सीएम को कथा में आने का न्यौता भी दिया।

### बाढ़ की समस्या का समाधान भी बताया

कथा के दौरान अनिरुद्धाचार्य महाराज ने बिहार में बाढ़ की समस्या का समाधान भी सुझाया। बाढ़ से होने वाली तबाही का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बाढ़ की विभीषिका को खत्म करने के लिए अगर सरकार बड़ी नदी को छोटी नदी से जोड़ती है तो हर साल होने वाली तबाही पर अंकुश लग सकता है। नदियों को जोड़ने के सवाल पर विजय चौधरी ने कहा कि उनकी सरकार पिछले दस सालों से इस दिशा में काम कर रही है।

### 11 अक्टूबर तक चलेगी कथा

बता दें कि यह कथा पांच अक्टूबर से शुरू हुई है और 11 अक्टूबर तक चलेगी। इस कथा में लोगों की भीड़ जुट रही है। खासकर महिलाओं की संख्या अत्यधिक देखी जा रही है। सरायरंजन के अलावा विद्यापति नगर, पटोरी उजियारपुर, मोरवा , दलसिंहसराय समेत बड़ी संख्या में आसपास के प्रखंडों के लोग कथा का आनंद लेने के लिए पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए कथा स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को और चुस्त दुरुस्त किया गया है।

### महाराष्ट्र ने शुरुआत कर दी है

उन्होंने मंच से कहा कि महाराष्ट्र में पिछले दिनों हुए कथा की चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री भी कथा सुनने के लिए वहां पहुंचे थे। जहां उन्होंने महाराष्ट्र में गाय को राजमाता का दर्जा दिया और सभी बूचरखाने की लाइसेंस को रद्द कर दिया। अब वहां गाय माता का वध नहीं होगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने इसकी शुरुआत की है अब बिहार को भी ऐसा करना चाहिए। धीरे-धीरे दूसरे राज्य में भी होगा और ऐसा करके गाय को राष्ट्र माता का दर्जा मिल जाएगा। ताकि गाय हमारी राष्ट्र माता बन सके। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कथा के लिए आमंत्रित भी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कन्हैया के मुख में यशोदा को दिखा ब्रह्मांड : श्रेयांशी

**भागलपुर,एजेंसी।** कहलगांव के नाथलोक कॉलोनी में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भागलपुर से आयी कथा वाचिका श्रेयांशी पांडेय ने कृष्ण लीला की कथा कहते हुए कहा कि एकबार नन्हें कान्हा ने खेलने के दौरान मिट्टी खा लिया। जिसको बड़े भाई बलराम ने देख लिया। जिसकी शिकायत बलराम ने मैया यशोदा से कही। इसके बाद माता ने आकर कन्हा के मुख को खोलकर उसका मुख देखा तो वह आर्श्चयचकित रह गई। उन्हें कान्हा के मुख में पूरा ब्रह्मांड दिखा। प्रवचन को सुनने के लिए आसपास के इलाकों से लोगों की भीड़ लगने लगी है।

### सबौर की पुरानी मसाढु में 50 फीट लंबा 15 फीट चौड़ा खेत कट कर गंगा में समाया

**भागलपुर,एजेंसी।** प्रखंड क्षेत्र के ममलखा पंचायत स्थित पुरानी मसाढ़ू वार्ड नंबर एक और दो में गंगा कटाव रुक-रुक कर जारी है। सोमवार को गांव के पूर्व तरफ 50 फीट लंबा 15 फीट चौड़ा खेत कटकर गंगा में समा गया। देर शाम तक गंगा कटाव रुक-रुक कर जारी रहा। अब लोगों को लग रहा है कि गंगा का पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है। इधर, गांव के पूर्व तरफ अब ग्रामीण सड़क से कटाव की दूरी महज 60 फीट शेष बची है। भागलपुर प्रमंडलीय बाढ़ नियंत्रण विभाग के कनिय अभियंता आलोक कुमार ने कहा कि खेत कट रही हैं गंगा कटाव बचाव रोधी कार्य जारी है।

### महिलाओं व बच्चों ने गरबा व डांडिया के गीतों पर धूम मचाया

**छपरा,एजेंसी।** शहर के जन्नत पैलेस में दुर्गा पूजा नवरात्रि के मौके पर आयोजित गरबा व डांडिया कार्यक्रम में डांडिया के धुनों पर महिलाएं व बच्चों ने खूब आंनद लिया। वही उपस्थित सदस्य व अतिथि जीवंत-जातीय पोशाकों में सजे-धजे थे । रोटरी सारण व इनर व्हील क्लब सारण के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाएं व बच्चों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ डांडिया के गीतों पर झूम-झूम कर डांडिया खेला और उसका आनंद लिया । इनरविल क्लब ऑफ सारण की अध्यक्षा शिल्पी कुमारी,पूर्व अध्यक्षा अनु जायसवाल, अनिता राज, सुषमा गुप्ता,रचना गुप्ता, रचना कुमारी व अन्य सदस्यों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व अध्यक्ष रो. राकेश कुमार, सह संयोजक पूर्व अध्यक्ष व संस्थापक सचिव रो. राजेश फैशन के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया था। मंच संचालन पूर्व अध्यक्ष रो.पंकज कुमार ने किया गया । मौके पर अध्यक्ष रो दिनेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, अजय प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार, अजय कुमार व्याहुत ,चंद्रकांत द्विवेदी, राजेश जायसवाल ,सुरेंद्र गुप्ता ,डॉ मदन प्रसाद, अजय गुप्ता,राजेश कुमार,मनीष जयसवाल,राजा आनन्द,विकाश कुमार,सतीश अग्रवाल,मनोज भोला,सुदामा ,महेश ,दीपक ,डॉ आशुतोष,गोविंद अग्रवाल,रामा कांत समेत अन्य सदस्य मौजूद थे। पूर्व में कार्यक्रम की शुरुआत देवी दुर्गा की पूजा और आरती से हुई।

## नवजात को भर्ती-डिस्चार्ज के लिए नि:शुल्क एंबुलेंस की मिलेगी सुविधा

### जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मिलेगा लाभ, शिशु मृत्युदर को कम करने की है कवायद



**पटना,एजेंसी।** राज्य सरकार और राज्य स्वास्थ्य समिति विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) को नई सुविधाओं से लैस कर रही है, ताकि कमजोर और बीमार नवजातों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इसी क्रम में अब एसएनसीयू में भर्ती और डिस्चार्ज के बाद नवजात शिशुओं को घर पहुंचाने के लिए निःशुल्क एंबुलेंस की सुविधा दी जाएगी। शिशु स्वास्थ्य के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विजय प्रकाश राय ने सभी सिविल सर्जन को इसका निर्देश दिया है। बीमार नवजात को एसएनसीयू में सरकारी एंबुलेंस से रेफर करने और डिस्चार्ज के बाद उन्हें सरकारी एंबुलेंस से घर पहुंचाने का निर्देश दिया है। डॉ. राय के मुताबिक अप्रैल से अगस्त तक एसएनसीयू में रेफर के लिए 8,378 बच्चों को एंबुलेंस की सुविधा दी गई। इनमें निजी एंबुलेंस की सेवा लेने वालों की संख्या 5,025 है। उन्होंने बीमार नवजातों को एसएनसीयू रेफर करने के लिए जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत निःशुल्क एंबुलेंस सुविधा देने का निर्देश दिया है।

**गंभीर रूप से बीमार नवजात का होता है इलाज**

गंभीर रूप से बीमार नवजात को एसएनसीयू में रखकर इलाज करने की जरूरत होती है। कम वजन वाले, समय पूर्व पैदा होने वाले, सांस लेने में दिक्कत, हाइपोथर्मिया से पीड़ित बच्चों को एसएनसीयू में रखा जाता है। इन्हीं सब वजह से नवजात की मौत होती है, जिसे कम करने के लिए एसएनसीयू की व्यवस्था राज्य के अधिकांश चिकित्सकीय संस्थान में की गई। इससे गंभीर रूप से बीमार नवजात की जान बचाने में सफलता मिलती है। एसएनसीयू विशेषकर बीमार नवजात बच्चों के लिए होता है। एंबुलेंस की सुविधा निःशुल्क मिलने से बीमार नवजात को अस्पताल ले जाने और फिर घर तक पहुंचाने की व्यवस्था हो जाएगी। इसके लिए परिजन को खर्च नहीं करना पड़ेगा। यह राज्य में शिशु मृत्युदर को कम करने की कवायद है। इससे बीमार नवजात की जान भी बच रही है।

## पटना में सड़क हादसे में महिला की मौत, युवक घायल

**पटना,एजेंसी।** पटना में सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बाढ़ अनुमंडल के बाढ़ थाना अंतर्गत दाहौर गांव के पास एनएच-31 की है। मृतका रुबीना खातून एक दिन पहले ही अपने ससुराल बाढ़ थाना अंतर्गत रैली इंग्लिश गांव से मायके बख्तियारपुर के मोगलपुरा बीघा गांव गई थी। शाम के वक्त देवर उसे लाने मायके गया था। महिला की 3 महीने पहले ही शादी हुई थी और उसका पति विदेश में रहता है।

**सिर के पिछले हिस्से में चोट लगने से गई :** घायल युवक मो. इम्तियाज आलम ने बताया कि दाहौर गांव के पास एनएच-31 पर एक गाड़ी खड़ी थी जिसे पार करते समय बगल से एंबुलेंस ने टक्कर मार दी, जिसके बाद वह बेहोश हो गया और उसकी भाभी भी वहीं बेसुध पड़ी थी। राहगीरों के द्वारा उसे आनन-फानन में निजी अस्पताल लाया गया, जहां उसकी प्राथमिक उपचार की गई और महिला को अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेज दिया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। स्द्ध राजेन्द्र राम ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक घायल इलाज के लिए बाढ़ आ चुके थे। घटनास्थल की जांच करने का प्रयास किया गया, लेकिन बाइक बरामद नहीं हो सकी है। घायल युवक के द्वारा घटनास्थल की जानकारी देने के बाद मामले की जांच की जाएगी।

### हत्या की आशंका जता रहे हैं परिजन

वहीं मृत महिला के भाई मो. एकलाख आलम ने हत्या की आशंका जाहिर की है। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले ही बहन मायके आई थी और मना करने के बावजूद भी शाम के समय देवर ससुराल ले जाने की जिद कर रहा था और रास्ते में यह घटना हुई है।

## नवादा आगजनी कांड में 5 आरोपी गिरफ्तार, कार जब्त



### अब तक 30 लोगों की हो चुकी गिरफ्तारी, 10 वाहन के साथ कई हथियार भी बरामद

**नवादा,एजेंसी।** नवादा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देदौर गांव स्थित कृष्णा नगर में हुए आगजनी के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के देखरेख में गठित एसआईटी ने तकनीकी सर्विलांस और मानवीय साक्ष्यों की मदद से आरोपितों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जयपाल कुमार, विनय चौहान, रोहित चौहान, छोटेलाल कुमार और अमित राज के रूप में हुई हैं, जो नालंदा के ही निवासी हैं। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक स्कॉर्पियो को नालंदा जिले की सीमा से जब्त किया गया।

आगे भी कार्रवाई रहेगी जारी

पुलिस के अनुसार, यह स्कॉर्पियो मुख्य आरोपित रोहित चौहान की है और इसे आगजनी की घटना में इस्तेमाल किया गया था। इस मामले में अब तक 30 आरोपितों को जेल भेजा जा चुका है, जिनमें से 29 को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया, जबकि एक आरोपित ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। पुलिस ने अब तक इस मामले में 10 वाहन और कई हथियार जब्त किए हैं। छापेमारी टीम में मुफस्सिल थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे। पुलिस का कहना है कि आगे भी इस मामले में कार्रवाई जारी रहेगी, और अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# इंडो-नेपाल बार्डर से 75 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

### नेपाल से अररिया में तस्करी के लिए ला रहा था, नेपाली-भारतीय करेंसी के साथ बाइक जब्त



**अररिया,एजेंसी।** अररिया के सिकटी थाना पुलिस और एसएसबी की 52वीं वाहिनी की संयुक्त कार्रवाई में एक अपराधी को 75 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई भारत-नेपाल सीमा के पिलर स0156 से करीब 400 मीटर अंदर भारतीय क्षेत्र में की गई। अपराधी की पहचान दीपक कुमार बसाक गोपाल(22) के रूप में हुई है, जो सिकटी थाना क्षेत्र के कचना वार्ड संख्या एक का निवासी है। उसके पास से 75 ग्राम स्मैक, एक मोबाइल फोन, 67,000 नेपाली रुपए और 80 भारतीय नोट बरामद किए गए, जिनमें 54 नोट 1,000 रुपए के और 26 नोट 500 रुपए के थे।

### मादक पदार्थ और करेंसी के साथ बाइक बरामद

गुप्त सूचना पर आधारित इस कार्रवाई में तस्करी में प्रयुक्त बाइक (रजिस्ट्रेशन नंबर क्क्र 37,क्क 6691) भी जब्त की गई है। सूत्रों के अनुसार, यह ऑपरेशन कई दिनों से योजनाबद्ध था। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपये बताई जा रही है। एसएसबी आमबारी कंपनी के असिस्टेंट कमांडेंट संदीप आर्य के नेतृत्व में यह कार्रवाई हुई, जिसमें टीम ने बजरंगबली मंदिर के पास सघन वाहन जांच शुरू की थी। इस दौरान बाइक पर सवार दीपक नेपाल की ओर भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन एसएसबी जवानों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसकी पैंट के बेल्ट में काली पोटली में छिपा 75 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। आरोपी ने पुलिस के सामने यह कबूल किया कि बरामद नशीला पदार्थ स्मैक है।

गिरफ्तार अपराधी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड संख्या 150/24 दर्ज की गई है और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि यह तस्करी किन-किन लोगों से जुड़ी हुई है। इस विशेष ऑपरेशन में असिस्टेंट कमांडेंट संदीप आर्य के साथ एसएसबी के अन्य जवान राजेश सिंह, रवि गौतम, नितिन खजुरिया, रवींद्र कुमार और सुधाकर प्रसाद शामिल थे। कार्रवाई भारतीय क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा के पास की गई।

# लोन लेकर शुरू की बिजनेस, 24 लाख का सालाना इनकम



### जमुई की मंजू देवी लोगों के लिए बनी प्रेरणा, 26 सालों का संघर्ष ; युवाओं को दे रही रोजगार

**जमुई,एजेंसी।** जमुई जिले के बरहट प्रखंड के अक्षरा इलाके की मंजू 26 साल पहले अचानक पति के घर छोड़कर जाने के बाद पूरी तरह से टूट गई थी। उसके ऊपर तीन बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी आ गई थी। किसी ने कोई मदद नहीं की। लेकिन उन्होंने अपनी जिम्मेदारी पूरा करने का संकल्प लिया और आज वो हर किसी के लिए प्रेरणा बन गई हैं। मंजू आज पीवीसी दरवाजा, खिड़की बनाने की फैक्ट्री चलाती हैं और सालान 24 लाख रुपए कमा रही हैं।

### बच्चों को पालने के लिए पढ़ाना शुरू किया

इस संबंध में मंजू बताती हैं कि पति के छोड़कर जाने के बाद उनके ऊपर 5 साल, 3 साल की बेटी और 5 महीने के बेटे की परवरिश की जिम्मेदारी आ गई। इसे पूरा करने के लिए उन्होंने एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका के रूप में काम करना शुरू कर दिया। स्कूल और बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर मिल रहे पैसों से तीनों बच्चों का लालन पालन किया। इस दौरान दोनों बेटियों की शादी भी की। हालांकि उन्हें शादी में कोई दहेज़ नहीं देना पड़ा। लेकिन शुरुआत में घर की दहलीज लांघकर काम करने जाने पर समाज की महिलाओं से ताना भी सुनने को मिला। हालांकि मंजू ने बिना किसी की परवाह किए अपना काम करती रहीं।

### 5 हजार से शुरू किए बिजनेस से लाखों की कमाई

बच्चों को पढ़ाने के दौरान उनकी मुलाकात एक जीविका दीदी से हुई। उनकी मदद से उन्हें 5 हजार रुपए का लोन मिला। लोन के रुपए से उन्होंने फर्नीचर, टेबल और कुर्सी बनाने का काम शुरू किया। इसमें अच्छा फायदा होने लगा। बिजनेस में मुनाफा होता देख अपने कारोबार को बढ़ाना शुरू किया और पीवीसी दरवाजा, खिड़की बनाने की फैक्ट्री खोल दी। इस फैक्ट्री से आज के समय में वो 24 लाख रुपए का सालाना इनकम कर रही हैं।

### बेरोजगार युवकों दिया रोजगार

इस बिजनेस में अपनी कमाई के साथ-साथ मंजू ने पांच बेरोजगार युवकों को रोजगार भी दिया है। उन्हें वो 10 हजार रुपए महीने सैलरी दे रही हैं। इस काम में उनका बेटा यशराज उनका सहयोग कर रहा है। अब वो प्लांट में दरवाजे खिड़की के साथ कूलर बनाने की तैयारी कर रही हैं। मां के बिजनेस में मदद कर रहे यशराज ने बताया कि मां के साथ फैक्ट्री में काम करने के बाद पढ़ाई करता हूं। जनरल कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहा हूं। पिता को तो नहीं देखा लेकिन मां ने जो किया उससे पिता की कभी याद नहीं आई।

## संक्षिप्त समाचार

### 26, राज्य में 40 नए डेंगू मरीज मिले, राजधानी में अब तक 1 हजार 982 लोग हो चुके हैं संक्रमित

**पटना।** डेंगू का प्रकोप थम नहीं रहा है। मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। राज्य में इसके 4000 से ज्यादा मरीज मिल चुके हैं। विभिन्न जिलों में से पटना में सबसे अधिक डेंगू मरीज मिल रहे हैं। सोमवार को पटना में 26 तो राज्य में 40 नए डेंगू मरीज मिले। सबसे अधिक बांकीपुर में 7, अजीमाबाद में 6, कंकड़बाग में 3, पटना सिटी में दो और पाटलिपुत्र में एक मरीज मिला है। प्रखंडों में बख्तियारपुर और खुसरूपुर में दो-दो जबकि पटना सदर, मोकामा और धनरुआ में एक-एक मरीज मिले हैं। अबतक राज्य में 4004 जबकि पटना में 1982 लोग डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं। पटना के बाद सबसे अधिक 242 लोग गया में पीड़ित हुए हैं। वहीं पटना में अबतक पांच लोग जबकि राज्य में 12 लोगों की मौत हो चुकी है। पीएमसीएच के वरीय फिजिशियन डॉ. बीके चौधरी ने बताया कि ओपीडी में डेंगू मरीज आ रहे हैं। हालांकि अधिकांश मरीज को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं पड़ रही है। घर में ही लोग ठीक हो रहे हैं। फिलहाल डेंगू मच्छरों से बचाव करने की जरूरत है। घर के आसपास पानी जमा नहीं होने दें। पानी जमा हो तो साफ कर दें। लक्षण मिले तो जांच करा लें। जांच की सुविधा सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क है। फुल बाजू का कपड़ा पहनें। पीड़ित मरीज को पानी खूब पीना है। घर में मच्छरदानी के अंदर रहना है। मच्छरों को भगाने के लिए रिप्लेंट आदि का इस्तेमाल कर सकते हैं।



### 4 से 5 दिनों में मानसून की होगी विदाई, आज किसी भी जिले में बारिश की संभावना नहीं

**पटना।** बिहार में मंगलवार को मौसम सामान्य बना रहेगा। आज किसी भी जिले में बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट नहीं है। तापमान में भी कोई खास बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। पिछले 24 घंटे के दौरान सीतामढ़ी सबसे गर्म जिला रहा। जहां का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पटना का तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, बिहार के कुछ हिस्सों से मानसून की विदाई शुरू हो चुकी है। जिसमें गोपालगंज, सीवान, बक्सर, आरा, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर और गोपालगंज शामिल है। अगले 4 से 5 दिनों में पूरी तरह से मानसून की विदाई हो जाएगी। पश्चिम बंगाल और उसके आसपास के उत्तरी भागों के ऊपर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। जो समुद्र तल से औसतन 3.1 किलोमीटर ऊपर तक फैला है। जिसके कारण बारिश नहीं हो रही है। सूर्य अब धीरे-धीरे दक्षिणायन हो रहा है। इस वजह से सूर्य की किरणें थोड़ी तिरछी होती जा रही है। सुबह और शाम के समय वायुमंडल की आद्रता 70 से 80 फीसदी रहती है। जबकि, दोपहर में आद्रता कम हो जाती है। आसमान में बादल होने के बावजूद दिन में थोड़ी गर्मी महसूस हो रही है।



### नीतीश सरकार के खिलाफ हॉर्स ट्रेडिंग में ED की एंट्री, EOU को मिले खरीद फरोख्त के सबूत

**पटना।** नीतीश कुमार के अगुवाई वाली NDA की नई सरकार को गिराने की साजिश रची गई थी। इसको लेकर विधानसभा में फ्लोर टेस्ट के दिन को चुना गया था। ताकि सरकार अपना विश्वास मत हासिल नहीं कर पाए। यह बात आर्थिक अपराध इकाई (EOU) की जांच में सामने आई है। EOU की जांच में हॉर्स ट्रेडिंग के लिए रुपयों के लेन-देन के सबूत मिले हैं। इस बात को EOU के DIG मानवजीत सिंह ढिल्लो ने भी माना है। जांच एजेंसी के अनुसार, फ्लोर टेस्ट से ठीक पहले दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड और नेपाल में रह रहे लोगों के माध्यम से NDA के कई विधायकों को खरीद फरोख्त करने की कोशिश गई थी। सबूत इस बात के भी मिले हैं कि कुछ विधायकों ने एडवांस के रूप में कुछ रुपए भी लिए थे। सरकार गिरने के बाद बाकी रुपए इन्हें हवाला के जरिए मिलने वाले थे। यह दूसरे राज्यों के लोगों के माध्यम से विधायकों को दिए जाते। हॉर्स ट्रेडिंग के इस मामले में नया डेवलपमेंट यह है कि इसमें ED की एंट्री हो गई है। दरअसल, इस पूरे प्रकरण में जिस तरह के फाइनेंशियल ट्रेड सामने आए है, वो सीधे तौर पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दिख रहा है। इसके बाद EOU ने ED को इस बारे में एक लेटर लिखा था। इसके बाद से ED की टीम इस मामले की जांच में जुट गई है। केंद्रीय एजेंसी अब इस मामले में अपने स्तर से सबूत जुटाने में जुटी है। जबकि, आपराधिक मामले की जांच EOU कर रही है। अब तक कई लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। DIG के अनुसार आपराधिक मामले पर आगे की जांच अब भी जारी है। सुधांशु शेखर मधुबनी के हरलाखी से JDU के विधायक हैं। उन्होंने पटना के कोतवाली थाने में इसी साल 11 फरवरी को दो विधायक को किडनैप कर 10 करोड़ रुपए का प्रलोभन देने को लेकर FIR दर्ज कराई थी। कंप्लेन में इन्होंने लिखा था कि बीमा भारती और दिलीप राय का अपहरण कुछ लोगों ने किया है। सरकार गिराने के लिए विपक्ष पर साजिश रचने का आरोप लगाया था। इस केस के सामने आने के बाद आर्थिक अपराध इकाई की टीम एक्टिव हो गई थी। शुरुआती जांच में मामले की गंभीरता को राज्य पुलिस की इस जांच एजेंसी ने समझ लिया। इसके बाद कोतवाली थाने में दर्ज केस को आर्थिक अपराध इकाई ने टेक ओवर कर लिया और अपनी जांच शुरू कर दी। महागठबंधन की सरकार गिरने के बाद 28 जनवरी को एनडीए सरकार का शपथ ग्रहण हुआ था। नीतीश कुमार नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। नीतीश कुमार के साथ दो डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने शपथ ली थी।

# पटना में रिटायर्ड सरकारी अधिकारी को गोलियों से भूना, मौत

### घर से 150 मीटर दूर वारदात, मॉर्निंग वॉक के दौरान बरसाईं बुलेट्स, पड़ोसी पर आरोप

एजेंसी, पटना।

पटना में रिटायर्ड सरकारी ऑफिसर की बीच सड़क गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान रिटायर्ड सेक्शन अधिकारी राजीव रतन गुप्ता के रूप में हुई है। मंगलवार को वो मॉर्निंग वॉक के लिए निकल थे। तभी घात लगाए अपराधियों ने दौड़ाकर पांच गोली मारी है और फरार हो गए। घटना आलमगंज थाना क्षेत्र के बजरंगपुरी इलाके की है। मृतक के भतीजे सुजीत ने आशंका जताई है कि जमीन विवाद को लेकर ही पड़ोस के एक शख्स ने वारदात को अंजाम दिया है। बजरंगपुरी इलाके में हमारा घर है, हमलोग एक और मकान बनवा रहे थे। पड़ोसी से इसको लेकर विवाद चल रहा था। रोज की तरह वो मंगलवार को भी मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। घर से 150 मीटर दूर अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी।



**गोली लगने के बाद मंदिर की ओर भागे:** गोली लगने के बाद भी राजीव रत्न भागकर बजरंग पुरी मोहल्ले के एक मंदिर के पास पहुंचे हैं और वहीं गिर पड़े। सूचना पाकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। पटना सिटी पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि घटना के बाद मौके पर FSL टीम ने छानबीन शुरू कर दी गई है।

**पुलिस बोली- लूटपाट की नीयत से हत्या नहीं हुई:** पटना सिटी के SDPO अतुलेश कुमार झा ने घटना का कारण पूछे जाने पर बताया कि लूटपाट का मामला नहीं लग रहा है। उन्होंने बताया कि मृतक के हाथ में सोने के अंगूठी और कई सामान सुरक्षित है। लूटपाट की नीयत से हत्या नहीं की गई है। पुलिस हत्या के कारणों को तलाशने में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक घटना स्थल से 2 खोखा बरामद किया गया है।

## बाढ़ की वजह से बिहार में बढ़े सब्जियों के दाम

एजेंसी, पटना।

बिहार में बाढ़ की वजह से सब्जियों की पैदावार घट गई है, जिससे दाम काफी बढ़ गए है। नवरात्र के दौरान बढ़े सब्जियों की डिमांड की पूर्ति के लिए दूसरे राज्यों से सब्जी मंगवाई जा रही है। नवरात्र में टमाटर का भाव भी लाल हो गया है। एक हफ्ते पहले टमाटर 60 रुपए प्रति किलो बिक रहे थे, जो अभी 100 रुपए प्रति किलो मिल रहा है। यही हाल हरी मिर्च की है। अंटा घाट के दुकानदार दिलीप कुमार महतो ने बताया कि 'बिहार में अभी टमाटर की पैदावार नहीं हो रही है। ज्यादा बारिश की वजह से फसल खराब हुई है। सभी टमाटर नासिक से आ रहे हैं। इस कारण दाम में बढ़ोतरी हुई है।'

**सब्जियों की डिमांड बढ़ गई है:** सब्जी दुकानदार सुधीर कुमार यादव ने बताया कि 'नवरात्र में लोग मुर्गा-मछली नहीं खाते हैं। ऐसे में सब्जियों की डिमांड बढ़ जाती है। डिमांड बढ़ने से कीमत भी बढ़ जाती है। अभी भिंडी 50 रुपए प्रति किलो है, जो एक सप्ताह पहले 20 रुपए किलो बिक रहे थे। बैंगन 40 रुपए प्रति किलो बिक रहे हैं।' दियारा क्षेत्र में बाढ़ आने के कारण उत्तर बिहार से टमाटर और अन्य सब्जियां नहीं आ रही हैं। इस कारण महंगाई आम लोगों के पॉकेट पर असर डाल रही है। कई ग्राहक तो सब्जियों की कीमत सुनकर चौंक कर दुकान से आगे बढ़ जा रहे हैं। सब्जी खरीदने पहुंचे राज ने बताया कि 'दाम बढ़ने से बहुत परेशानी हो रही है।



## जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि, CM ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी, पटना।

आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि है। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी CM सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, मंत्री संजय झा, पूर्व मंत्री आजादी मेहता श्याम रजक सहित अन्य नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। पटना से जेपी गोलंबर, गांधी मैदान के पास राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। राजकीय समारोह में जेपी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई है।

**संपूर्ण क्रांति मतलब जेपी नारायण:** जय प्रकाश नारायण ने सम्पूर्ण क्रांति का नारा दिया था। उनका जन्म 11 अक्टूबर 1902 को सिताब दियारा में हुआ था। पिता का नाम 'देवकी बाबू' और माता का नाम 'फूलरानी देवी' था। उन्हें 'बऊल जी' भी कहा जाता है। उनकी माता उन्हे इसी नाम से पुकारती थी। जय प्रकाश नारायण ने 1970 में इंदिरा गांधी के विरोध में विपक्ष का नेतृत्व संभाला था। उन्होंने इंदिरा गांधी को 'सम्पूर्ण क्रांति' आंदोलन के जरिए सत्ता से बेदखल किया। उनका निधन 8 अक्टूबर 1979 को हुआ था।



# पटना में इस बार दिखेंगी बिंदी, रुद्राक्ष और क्रिस्टल से बनी मूर्तियां

एजेंसी, पटना

पटना शहर में मौजूद मूर्तिकार भाईयों की जोड़ी ने इस साल भी नवरात्र में कुछ हटकर प्रतिमा तैयार की है. जीतेंद्र कुमार और उनके छोटे भाई चंदन कुमार ने मिल कर छह तरह की भारत माता की प्रतिमा तैयार की. इसमें उन दोनों ने बिंदी, रुद्राक्ष, पंच फोरन, मिक्स अनाज, दिया की बाती और क्रिस्टल की प्रतिमा तैयार की है. जीतेंद्र बताते हैं कि वे पिछले बारह सालों से इस तरह की यूनिक प्रतिमा हर साल तैयार करते हैं और शहर के विभिन्न क्लब में देते हैं.

**षष्ठी को स्थापित की जाएंगी मूर्तियां-** प्रतिमाओं के लिए पहले मीटिंग होती है और फिर किस चीज से इस बार मां को बनाना है इस पर बात होती है. एक्सपेरिमेंट करने के बाद फाइनल मूर्ति किस चीज की बनेगी इसे तय किया जाता है. यह प्रतिमाएं षष्ठी को विभिन्न क्लब के पास स्थापित कर दी जायेगी. मूर्तिकार जीतेंद्र बताते हैं कि प्रतिमा का ढांचा पुआल और पेपर से तैयार किया जाता है. फिर मैदे से बनी लोई की मदद से सारे सामग्री को चिपकाया जाता है. प्रतिमा के चेहरे में आंख और होंठ बनाने के लिए वाटर कलर और ऊन का इस्तेमाल किया गया है.



**एक महीने में तैयार होती है प्रतिमाएं-** प्रतिमाओं को बनाने में अलग-अलग चीजों का इस्तेमाल किया गया है. वहीं कुछ का बैकग्राउंड भी अलग तरीके से तैयार किया गया है. बिंदी की प्रतिमा में 50 हजार बिंदियों का इस्तेमाल हुआ है. वहीं बैकग्राउंड में श्रृंगार की चीजे जैसे आलता, आइना, चुड़ी, कंघी, लटकन आदि है. रुद्राक्ष की प्रतिमा में बड़े और छोटे आकार में 15 किलो का रुद्राक्ष से तैयार किया गया है. इसका बैकग्राउंड रुद्राक्ष का ही बनेगा. पंच फोरन की प्रतिमा में 15 किलो पंचफोरन इस्तेमाल किया गया है. प्रतिमा का चेहरा सरसों के दाने से बनाया गया है।

## सड़क हादसे में महिला की मौत, युवक घायल, देवर के साथ जा रही थी ससुराल

एजेंसी, पटना।

पटना में सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बाढ़ अनुमंडल के बाढ़ थाना अंतर्गत दाहौर गांव के पास एनएच-31 की है। मृतका रुबीना खातून एक दिन पहले ही अपने ससुराल बाढ़ थाना अंतर्गत रैली इंग्लिश गांव से मायके बख्तियारपुर के मोगलपुरा बीघा गांव गई थी। शाम के वक्त देवर उसे लाने मायके गया था। महिला की 3 महीने पहले ही शादी हुई थी और उसका पति विदेश में रहता है।

**सिर के पिछले हिस्से में चोट लगने से गई:** घायल युवक मो. इम्तियाज आलम ने बताया कि दाहौर गांव के पास एनएच-31 पर एक गाड़ी खड़ी थी जिसे पार करते समय बगल से एंबुलेंस ने टक्कर मार दी, जिसके बाद वह बेहोश हो गया और उसकी भाभी भी वहीं बेसुध पड़ी थी। राहगीरों के द्वारा उसे आनन-फानन में निजी अस्पताल लाया गया, जहां उसकी प्राथमिक उपचार की गई और महिला को अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेज दिया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। SI राजेन्द्र राम ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक घायल इलाज के लिए बाढ़ आ चुके थे। घटनास्थल की जांच करने का प्रयास किया गया, लेकिन बाइक बरामद नहीं हो सकी है। घायल युवक के द्वारा घटनास्थल की जानकारी देने के बाद मामले की जांच की जाएगी। महिला की मौत सिर के पिछले हिस्से में चोट लगने से हुई है।

**3 महीने पहले हुई थी शादी**



**हत्या की आशंका जता रहे हैं परिजन:** वहीं मृत महिला के भाई मो. एकलाख आलम ने हत्या की आशंका जाहिर की है। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले ही बहन मायके आई थी और मना करने के बावजूद भी शाम के समय देवर ससुराल ले जाने की जिद कर रहा था और रास्ते में यह घटना हुई है।

### प्रशांत किशोर ने तेजस्वी पर साधा निशाना, कहा

## नीतीश महागठबंधन में जाएं तो बिहार फिर से अच्छा दिखेगा

एजेंसी, पटना।

जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की आलोचना की है। प्रशांत किशोर ने तेजस्वी यादव के अपराध पर दिए गए बयान पर कहा कि छह महीने पहले तक जब तेजस्वी यादव खुद उपमुख्यमंत्री थे, तब उन्हें बिहार स्विट्जरलैंड जैसा दिख रहा था। और अब, छह महीने बाद, उन्हें बिहार कत्लखाना नजर आ रहा है। यदि नीतीश कुमार फिर से महागठबंधन में शामिल हो जाएं, तो उन्हें बिहार फिर से बेहतरीन दिखाई देने लगेगा।



**पहले स्विट्ज़रलैंड, अब बिहार कत्लखाना नजर आ रहा**

**हास्यास्पद लगता है तेजस्वी का बयान:** प्रशांत किशोर ने कहा कि तेजस्वी यादव की विकास को लेकर कितनी समझ है और उनके बयानों पर टिप्पणी करना कितना प्रासंगिक है, यह विचारणीय है। प्रशांत किशोर ने कहा कि तेजस्वी यादव जब जाति की बात करते हैं, तो उस पर टिप्पणी की जा सकती है। रंगदारी, बालू माफिया, शराब माफिया पर बात करें, तो भी टिप्पणी की जा सकती है। अपराध पर बात करें, तो भी चर्चा हो सकती है, लेकिन जब तेजस्वी यादव विकास के मॉडल पर चर्चा करते हैं, तो यह हास्यास्पद लगता है। उन्होंने आगे कहा, जो 15 साल तक शासन में रहे और जिन्हें यह भी नहीं पता कि GDP क्या है और GDP ग्रोथ क्या होती है, वे आज विकास पर चर्चा कर रहे हैं। इस पर टिप्पणी करना व्यर्थ है।

## हे मां दैत्य-पिशाच रूपी स्मार्ट मीटर से रक्षा करें, नवरात्र पर कांग्रेस ने जारी किया पोस्टर

एजेंसी, पटना।

बिहार में स्मार्ट बिजली मीटर पर पॉलिटिक्स जारी है। लोगों का आरोप है कि बिजली बिल पहले से ज्यादा आ रहा है। विपक्षी दल भी इसके खिलाफ लगातार आंदोलन कर रहे हैं। अब कांग्रेस ने नवरात्र में पोस्टर जारी कर सरकार पर निशाना साधा है। पटना में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव सिद्धार्थ क्षत्रिय ने पोस्टर लगाया है, जिसमें महिषासुर को स्मार्ट मीटर के रूप में दर्शाया है। पोस्टर पर लिखा है, 'हे मां दैत्य और पिशाच रूपी स्मार्ट मीटर से बिहार की जनता की रक्षा करें। स्मार्ट मीटर जदयू और भाजपा का एटीएम मशीन और बिहार की जनता का खून चूसो मशीन है।' पोस्टर में राहुल गांधी की भी तस्वीर लगी है। जिनके हाथ बाबा भोलेनाथ की तस्वीर है।

**स्मार्ट मीटर को लेकर सरकार लगातार दे रही सफाई:** स्मार्ट मीटर पर मचे बवाल के बीच सरकार लोगों को ये बताने में जुटी हुई है कि इसमें कोई बुराई नहीं है। 21 घंटे से कम बिजली मिलने पर बिल में छूट दी जाएगी। हर घर में स्मार्ट मीटर लगाना जरूरी है। आप जितनी राशि का रिचार्ज कराएंगे, उतना ही इस्तेमाल कर सकेंगे। इसके बाद भी विपक्षी दल सरकार पर लगातार हमलावर है।

**स्मार्ट मीटर को लेकर विपक्षी दल हमलावर:** बिहार में सबसे पहले कांग्रेस ने स्मार्ट मीटर पर सवाल उठाते हुए पटना के गांधी मैदान से बोध गया तक पैदल मार्च निकाला। इसके बाद कांग्रेस ने हर प्रखंड में धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस के साथ आरजेडी भी 1 अक्टूबर से आंदोलन कर रही है। नेता विपक्ष तेजस्वी यादव ने तो इसे स्मार्ट चीटर तक बता डाला है। नेता विपक्ष का कहना है कि सरकार के लोग बताएं कि 20 साल में तीन बार बिजली मीटर क्यों बदला? थर्ड पार्टी कमेटी बननी चाहिए। उपभोक्ता लगातार बोल रहे हैं कि ज्यादा बिल आ रहा है, ट्रांसपेरेंसी नहीं है। जब 50 लाख लोगों को बिजली मंत्री संतुष्ट नहीं कर पा रहे तो 2 करोड़ लोगों को कैसे संतुष्ट करेंगे। लोगों की शिकायतों का समाधान नहीं हो रहा। इनका इंफ्रास्ट्रक्चर पुराना और रद्दी हो गया है। टू जी मीटर लगाया जा रहा है।



## वंशावली पर अब पंचायत प्रतिनिधि का साइन जरूरी नहीं

### लैंड सर्वे के नियम में बदलाव,अब आपकी गैर मौजूदगी में भी होगी जमीन की मापी

एजेंसी, पटना।

बिहार में 185 साल बाद 20 अगस्त से जमीन सर्वे की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। राज्य के 45 हजार से अधिक गांवों में सर्वे होगा। गांव से बाहर रहने वाले लोग अपनी जमीन का सर्वे कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन दे सकते हैं। इस बीच सरकार ने लैंड सर्वे को लेकर बदलाव किया है। पुस्तैनी जमीन का अलग-अलग नाम से सर्वे कराने के लिए वंशावली देना जरूरी है। इसको बनाने के लिए मजिस्ट्रेट और नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ या ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से हस्ताक्षर कराना पड़ता है।

इसके बगैर सर्वे कर्मियों की ओर से आवेदन नहीं लिया जा रहा है। इसके लिए लोग प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को खोजने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। इसकी शिकायत लगातार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में पहुंच रही है। इसके बाद सरकार ने नियम में बदलाव कर दिया है। स्व-घोषणा पत्र के अनुसार जमीन की नापी होगी। अब जमीन मालिक की उपस्थिति अनिवार्य नहीं है। अगर आप खुद या आपका कोई प्रतिनिधि मौजूद रहता है तो सर्वे कर्मियों को पहचान में सुविधा होगी। सर्वे के लिए आवेदन देने के समय जमीन की अपडेट राजस्व रसीद देना जरूरी नहीं है। आपके पास जो रसीद होगी, वही जमा होगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अब वंशावली बनाने के लिए मजिस्ट्रेट, नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ या ग्राम पंचायत प्रतिनिधि का हस्ताक्षर जरूरी नहीं है। प्रपत्र - 3(1) में खतियानी रैयत के वंशज स्वयं तैयार कर अंचल के शिविर में जमा करेंगे। आपत्ति आने पर सर्वे कर्मियों की ओर से जांच कर प्रमाणित किया जाएगा। यदि रैयत खुद जिंदा है तो वंशावली जमा करने की जरूरत नहीं है।



**महज इन दस्तावेज को देना अनिवार्य:** पपत्र-2 में रैयत या उनके वंशज को स्व-घोषणा पत्र जमा करनी है। वंशावली को खुद से घोषित करना है। आपके पास जो रसीद उपलब्ध है उसकी फोटो कॉपी जमा करनी है। यदि जमीन खरीदी गई है, बदलैन है, दान की भूमि है। इसके संबंध में दस्तावेज उपलब्ध कराना है। यदि सक्षम कोर्ट का आदेश हो तो आदेश की फोटो कॉपी लगानी है। इसी तरह बंदोबस्त भूमि, भू-दान प्रमाण पत्र, वासगीत पर्चा की फोटो कॉपी देनी है।

**जागरूक करने के लिए घर-घर घूम रहे अमीन:** पटना जिला में लोगों को जागरूक करने के लिए घर-घर अमीन घूम रहे हैं। जिला बंदोबस्त पदाधिकारी राजीव रंजन प्रभाकर ने कहा कि अबतक एक लाख से अधिक लोगों ने स्व-घोषणा पत्र जमा किया है।

# प्रतिबंधित दवाई एवं लहसुन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार





**चा ० भूमि पीपरोंन/जयनगर**

सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने भारत/नेपाल सीमा पर अलग-अलग स्थानों पर दो सफलताएं हाथ लगी हैं। जिसमें पहली सफलता भारत/नेपाल सीमा चौकी पीपरोंन के जिम्मेवारी के इलाके में जिसकी सीमा स्तम्भ संख्या 284/35 से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर, तो दूसरी भारतीय क्षेत्र में पीपरोंन सीमा चौकी के ठीक सामने जवानों ने विशेष चेकिंग डयूटी के दौरान कार्यवाही करते हुए एक तस्कर को मोटरसाइकिल पर प्रतिबंधित दवाईयों के साथ गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि उक्त व्यक्ति ने सीमा चौकी पीपरोंन के आरपी गेट के सामने से साईकिल पर कुछ सामान लेकर जा रहा था, उसी दरम्यान डयूटी पर खड़े जवानों को उक्त व्यक्ति पर संदेह होने पर उसे उसे रोका गया और उसकी तलाशी ली गई, जिसके पास से प्रतिबंधित दवाईयां एक्सीपलो कप सिरप (100ml) की बोतल 30 नग, नित्रजेपम टैबलेट (10 mg) की 150 नग को नेपाल ले जाने के क्रम में पकड़ लिया है, उक्त व्यक्ति का नाम राधे महतो, पिता स्वर्गीय राम सुंदर प्रसाद, गाँव पीपरोंन, पुलिस स्टेशन हरलाखी, जिला मधुबनी को प्रतिबंधित दवाईयों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे बताते चलें कि जो दूसरा तस्कर वाह्य सीमा चौकी डिगियाटोल के पास सीमा स्तंभ संख्या 287/09 से सौ मीटर भारतीय क्षेत्र की तरफ जवानों ने विशेष चेकिंग ड्यूटी के दौरान पकड़ा जिसका नाम अमित कुमार, पिता शिवनारायण यादव, वार्ड नंबर 01, गांव पीपरोंन, डिगियाटोल, पुलिस थाना हरलाखी, जिला मधुबनी (बिहार) को बिना सीमा शुल्क के 90 किलोग्राम लहसुन के साथ गिरफ्तार किया गया है।

दोनों तस्करों को स्थानीय पुलिस थाना में भेज दिया गया है। बता दें कि भारत/नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अपनी और अभियान चला रही है और प्रत्येक अवैध गतिविधियों को वाहिनी के जवानों के द्वारा जांच पड़ताल कर रोका जा रहा है।

# छात्र का विरोध, गमछा और चप्पल का माला पहन पहुँचा कॉलेज




**चा० भूमि बेतिया**

मामला बेतिया के महारानी जानकी कुंअर कॉलेज का है जहाँ मंगलवार को छात्र दीपेंद्र कुमार कमर में गमछा लपेट और गले में चप्पल का माला पहनकर अपना विरोध दर्ज कराने पहुँचा। आपको बता दें कि दीपेंद्र कुमार पीजी सेशन 2019-2021 बैच का छात्र है और अंग्रेजी विषय से पीजी कर रहा है। छात्र के इस रूप मे कॉलेज परिसर में पहुंचते ही हड़कंप मच गया जिसके बाद कर्मचारी और अधिकारी लोग दौड़े हुए उसके पास पहुंचे तथा प्रदर्शन कर रहे छात्र को समझा-बूझाकर मामले को शांत करवाया।

छात्र ने बताया कि एग्जाम देने के बाद भी कॉलेज प्रशासन द्वारा उसे पीजी सीसी वन में अनुपस्थित कर दिया गया है। जिससे उसका अंक प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है। उसने बताया कि पूर्व में कई बार वो छात्र संवाद में भी आया। लेकिन कॉलेज प्रशासन द्वारा उसका निदान नहीं किया जा सका । हालाँकि छात्र ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से कॉलेज प्रशासन के छात्रों के प्रति उदासीन रवैये को जगजाहिर किया है साथ ही छात्र नेताओ की कार्यशैली पर सवाल उठाया है कि छात्र हित की बात करने वाले नेता आखिर इतने बड़े मुद्दे से अनजान क्यूँ बने हुए है।

» एग्जाम देने के बाद भी कॉलेज प्रशासन द्वारा उसे अनुपस्थित कर दिया गया जिससे वह भटक रहा है

## संक्षिप्त समाचार

### शिविर लगा दाखिल खारिज के मामले निपटाये

**चा०भूमि मझौलिया** । मंगलवार को अंचल नजारत भवन मझोलिया में आयोजित एक विशेष शिविर में दाखिल खारिज परिमार्जन आदि कार्यों का निष्पादन किया गया। शिविर निरीक्षण के क्रम में अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने प्रतिनियुक्ति किए गए राजस्व कर्मचारियों से प्रगति रिपोर्ट के बारे में जानकारी ली।उन्होंने कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। ऑनलाइन किए गए दाखिल खारिज का 6468 तथा परिमार्जन प्लस का 1412 आवेदन पेंडिंग में है।उन्होंने इसको गंभीरता से लेते हुए सभी राजस्व कर्मचारियों को कार्यों में गति का निर्देश दिया। शिविर में पहुंचे रघुनाथपुर के एहसान अहमद, डॉ मजीबुल्लाह ,विकास कुमार पांडे ,अखिलेश ओझा आदि ने राजस्व संबंधित समस्याओं को लेकर अंचलाधिकारी से अपनी शिकायत की। जिसको गंभीरता से लेते हुए उपस्थित लोगों के आवेदनों का निष्पादन किया गया ।इस मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रति मंटू कुशवाहा, अंचल नाजिर अमित कुमार ,राजेश कुमार,विजय कुमार ,अमित कुमार ,पिंटू कुमार ,अंचल स्थापना लिपिक रवि कुमार आदि उपस्थित रहे।

### पचास हजार की इनामी लेडी डॉन रीता सिंह गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि मोतिहारी**। एसपी स्वर्ण प्रभात ने जानकारी देते हुये बताया कि कभी जेलों में जाकर बंदियों को आर्ट ऑफ लिविंग की ट्रेनिंग देने वाली रीता सिंह को पकड़ीदयाल SDPO सुबोध कुमार द्वारा गुप्त सूचना मिलने के बाद गया से गिरफ्तार किया गया है। रीता सिंह के पति जितेंद्र सिंह पताही के वेतौना पंचायत के मुखिया थे जिनकी नक्सलियों ने हत्या कर दी थी। रीता सिंह ने 2013 में अपराध की दुनिया मे कदम रखा था। उसके ऊपर हत्या, लूट, रंगदारी समेत 8 केस दर्ज किए गए। इन सभी मामलों में वो फरार चल रही थी। रीता पर 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था।

### अपने अपहरण की झूठी कहानी रचने वाला साथियो के साथ गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि मोतिहारी**। सोमवार की दोपहर चकिया थाना क्षेत्र के शीतलपुर गांव निवासी बीरेंद्र प्रसाद द्वारा पुलिस को आवेदन देकर बताया गया कि उनके बेटे नीरज कुमार ने एक नंबर से मेरे नंबर पर फ़ोन कर बताया कि हमने एक आदमी से एक लाख रुपया लिए थे। इसलिए उसने मुझे किडनैप कर लिया है। चार लाख रुपए जल्द भेज दीजिए। जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आयी और कुछ ही घंटों में नीरज और उनके दो साथियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । नीरज की बरामदगी के बाद जब पुलिस ने सख़्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि अपने पिता से पैसे की उगाही करने के लिए दोस्तों के साथ मिलकर अपहरण की झूठी कहानी रची थी। इस मामले में पुलिस ने नीरज के एक दोस्त को गिरफ़्तार कर लिया है। जबकि दूसरा दोस्त सिंपू बेतिया का रहने वाला है। उसकी गिरफ़्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### बिजली मामले में तीन पर केश

**चा० भूमि मैनाटांड**। पुरुषोत्तमपुर थाना अंतर्गत नकछेद बहुअरवा में सोमवार को स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया था। जिसको लेकर कनिये अभियंता विधुत आपूर्ति प्रशाखा मैनाटांड ने पुरुषोत्तमपुर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज़ कराया है।पुरुषोत्तमपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया की कनिय अभियंता सुशील कुमार के आवेदन पर तीन व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज़ किया गया है। पहला अभिउक्त बाबू जान पिता मस्तान दूसरा अभिउक्त असरार अहमद पिता नेसार अहमद तीसरा अभिउक्त टिम्पू तीनों साकिन नकछेद बहुअरवा थाना पुरुषोत्तमपुर के खिलाफ कांड स०85/24 दर्ज़ कर अग्रसर कार्य वाही की जा रही है।

### नवलपुर मे दो शराब तस्कर गिरफ्तार



**चाणक्य भूमि बेतिया**। मंगलवार को सुबह नवलपुर थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि नवलपुर थाना अंतर्गत खैरटिया बलडीहा नहर के सायफन के पास दो व्यक्ति एक पल्सर बाइक से विदेशी शराब नवलपुर की ओर ला रहे है। इस सूचना पर नवलपुर थानाध्यक्ष अपने टीम के साथ उक्त स्थान पर पहुंच कर शराब को जप्त किए जिसकी कुल मात्रा 87.12 लिटर पाई गई एवं दोनों शराब तस्कर को गिरफ्तार कर थाना लाए। साथ ही मौके से पल्सर बाइक को भी जप्त किया गया।इस मामले को लेकर प्राथमिक दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### संत जेवियर्स हाई स्कूल घोड़ासहन में दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**चाणक्य भूमि, घोड़ासहन**। स्थानीय मिडिल स्कूल रोड में अवस्थित संत जेवियर्स हाई स्कूल घोड़ासहन में मंगलवार को दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शुरुआत विद्यालय के छात्र छात्राओं ने "या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता" से की। फिर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में डंडिया नृत्य, भक्ति गीत ने सबका मन मोह लिया। बुराई पर अच्छाई की जीत का लघु नाटक भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने माता नवदुर्गा का रूप धारण कर महिषासुर का वध किया। दुर्गा पूजा से जुड़ी विभिन्न पौराणिक कहानियों को दर्शाया गया। जिसमे बुराई पर अच्छाई की जीत और विश्वास व साहस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान छात्रों ने न केवल अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया , बल्कि दुर्गा पूजा के सांस्कृतिक समृद्धि को सरंक्षित करने और साझा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी दिखाई। यह कार्यक्रम सकारात्मकता की भावना से ओतप्रोत था, जैसा कि कहावत से पता चलता है, "बुराई चाहे कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अच्छाई हमेशा अंतिम जीत हासिल करती है। मौके पर विद्यालय के निदेशक सुमित जयसवाल ने कहा कि दुर्गा पूजा केवल एक धार्मिक त्योहार नही है, बल्कि एक सांस्कृतिक उत्सव है जो समुदायों को एक सूत्र में बांधता है। हम चाहते है कि हमारे छात्र इन परंपराओं के महत्व को समझे और उन्हें सम्मान और खुशी के साथ मनाएं। मौके पर विद्यालय के सभी बच्चे व शिक्षक मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध के मामले में तीन नामजद सहित बीस अज्ञात पर केस दर्ज

**चा०भूमि मैनाटाड़**

पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र में नकछेद बहुअरवा गांव में स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध करने और अधिकारियों का घेराव करने के मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गयी है ।बिजली विभाग के कनीय अभियंता सुशील कुमार के आवेदन पर पुरुषोत्तमपुर थाने में नकछेद बहुअरवा के बाबू जान ,असरार अहमद और टीपू सहित बीस अज्ञात लोगों पर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। दर्ज केस में बताया है कि पुराने मीटर को हटाकर स्मार्ट मीटर लगाना बिहार सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है ।जिसे नियत समय पर पूरा करना है ।इसी क्रम में नकछेद बहुअरवा गांव में स्मार्ट मीटर लगाने टीम पूर्व में गयी थी। मीटर लगाने के दौरान वहां के स्थानीय लोग मना करने लगे ।इससे मीटर लगाने की टीम वापस आ गयी थी। फिर पुनः स्मार्ट मीटर लगाने जब बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मी पहुंचे तो वहां के लोगों के द्वारा विरोध किया जाने लगा ।साथ ही गांव के लोगों में भ्रामक सूचना फैलाकर कार्य नहीं करने दिया गया ।वहीं पुरुषोत्तमपुर थानाधयक्ष संजीव कुमार ने कहा कि इस मामले में तीन नामजद और बीस अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

## राम जानकी पार्क व बाबा पोखर का होगा सौंदर्यकरण

**चा ० भूमि जयनगर/मधुबनी**



जयनगर अनुमंडल शहर स्थित जयनगर गांव में राम जानकी मंदिर परिसर में बने पार्क और पोखर का सौंदर्यकरण कर विकसित किया जाएगा। जिसके लिए आज राम जानकी मंदिर परिसर बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता अनिल सिंह के नेतृत्व किया गया। आगे बैठक के दरम्यान पद्रह लोगों के द्वारा सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष के तौर पर बैधनाथ ठाकुर, सचिव अनिल सिंह, सह सचिव भूषण सिंह, रणधीर सिंह, उपाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह, कोषाध्यक्ष अरविन्द सिंह का चुनाव कर मनोनीत किया गया। आगे बैठक में कई निर्णय को पारित किया गया, जिसमें पार्क में बैठने के लिए कुर्सी और तरह- तरह के पेड़ पौधे, फूल और फल के वृक्ष तथा चयनित स्थलों पर चबूतरा और आगे पोखर में पानी में चलने वाली बोट, प्रयाप्त मात्रा में जगह- जगह पर लाईट की व्यवस्था, सीसी टीवी कैमरा तथा दार्शनिक स्थल के रूप में तब्दील करने का सभी सदस्यों ने निर्णय लिया है। आगे सभी सदस्यों ने एकजुट होकर कहा कि पोखर का नियमित रूप से साफ सफाई तथा पोखर में गंदगी फैलाने पर रोक लगाने के साथ- साथ जागरूकता करने तथा महान योद्धा वीर कुंवर सिंह महाराणा प्रताप की मूर्ति स्मारक का निर्माण कर मिथिला हाट के तर्ज पर इसे दार्शनिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। उक्त बैठक में शामिल अनील सिंह, बैधनाथ ठाकुर, भूषण सिंह, चंद्रवीर सिंह, अरविन्द सिंह, राजीव सिंह, विवेक कुमार, अनील पासवान, मनमोहन सिंह, कृष्ण कुमार यादव, संजीत सिंह सहित अन्य लोगों ने इस बैठक में भाग लिया।

## शारदीय नवरात्र को लेकर एसएसबी एवं पुलिस प्रशासन ने निकाला संयुक्त फ्लैग मार्च

**चाणक्य भूमि, वाल्मीकिनगर**



शारदीय नवरात्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाये रखने के लिए पुलिस एवं एसएसबी चौकस नजर आ रही है। मंगलवार की देर शाम पुलिस प्रशासन ने संयुक्त फ्लैग मार्च निकाला। जिसके माध्यम से आम जनता से अपील की गई कि शांति पूर्ण तरीके से त्यौहार मनाए। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने किया। उन्होंने लोगो से कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। साथ ही यदि कहीं अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हों या को कोई व्यक्ति अवैध गतिविधियों में संलिप्त हो तो संबंधित थाने में जरूर बताएं। पुलिस एवं एसएसबी का पैदल मार्च वाल्मीकिनगर के विभिन्न इलाकों से गुजरा और लोगों को पूजा में शांति व भाईचारे का पैगाम दिया। इस दौरान लोगों से पूजा में अमन व चैन का माहौल बनाये रखने तथा विधि व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई।

**असामाजिक तत्वों को चेतावनी-** पुलिस व अर्द्ध सैनिक बल के पदाधिकारियों ने फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों से शारदीय नवरात्र को खुशीपूर्वक मनाने की अपील की और दूसरे धर्म व संप्रदाय के लोगों की भावनाओं का भी सम्मान करने की अपील की। अधिकारियों ने इस दौरान असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते अगला हुए कहा कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की खलल डालने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रशासनिक तैयारी की गयी है। सभी चौक-चौराहों पर पुलिसबलों व दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## मझोलिया में जय अम्बे गौरी की गूंज



**चाणक्य भूमि मझोलिया**

**मझोलिया**। भवानी मंडप मझौलिया का पूजा पंडाल आकर्षण का केंद्र बिंदु बना हुआ है।बिजली की आकर्षक चकाचौध और भव्य पंडाल देखते बनती है।पूजा समिति के सदस्य अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इस बार चलंत प्रतिमा स्थापित किया गया है।बुधवार को बेल निमंत्रण और गुरुबार को माता का पट खुल जायेगा।मेला का लोग अभी से ही आनंद उठा रहे है।हिडोलवा और झूला लग चुका है।जंपिंग झूला पर बच्चो को सहज ही जम्प लगाते देखा जा रहा है।शारदीय नवरात्र में आचार्य पंडित विंध्यवासिनी तिवारी उर्फ वासन जी के वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण गूंज रहा है।सुबह शाम आरती में जय अम्बे गौरी की गूंज हो रही है।निशा पूजा 10 अक्टूबर,महानवमी 12 अक्टूबर,रावण बध 12 अक्टूबर को होगा।पुरजोर तैयारी है।

## लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत के ईडीसी चुनाव में निर्विरोध रूप से चुने गए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

**चाणक्य भूमि, वाल्मीकिनगर**



वीटीआर से सटे लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत भवन में मंगलवार को वनपाल साधु दास, वनरक्षी शशि रंजन कुमार, वनरक्षी मनीष कुमार यादव, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुमन कुमार सिंह, सरपंच प्रतिनिधि मनु कुमार सिंह की उपस्थिति में ईडीसी चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। वन विभाग द्वारा कराए गए ईडीसी चुनाव में सुनील कुमार पांडेय को अध्यक्ष एवं माया देवी को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। वहीं सह सचिव के पद पर केदार राम मनोनीत किए गए। सचिव का पद विभाग के वनपाल का होता है। इस बाबत जानकारी देते हुए वनपाल साधु दास ने बताया कि वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए विभाग द्वारा जंगल से सटे गांव में ईडीसी का गठन करती है। इस समिति में 18 सदस्य मनोनीत किए जाते हैं जिसमें पुरुष और महिला दोनों को शामिल किया जाता है।

**दो वर्षों का होता है समिति का कार्यकाल-**: वन विभाग द्वारा जंगल से सटे गांवों में ईडीसी का गठन दो वर्षों के लिए किया जाता है। इस अवधि में चयनित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सह सचिव एवं समिति के सदस्य जंगल को आगजनी, वन संपदा को तस्करों से बचाव एवं वन्य जीवों के सुरक्षा के लिए काम करते हैं। जंगल में आग लगने एवं वन संपदा को नुकसान पहुंचाने के समय,अंकुश लगाने के लिए विभाग के साथ मिलकर ये समिति काम करती है।

**अब तक 25 से ज्यादा हो चुका है ईडीसी का गठन-**: वन विभाग द्वारा वाल्मीकिनगर गनौली व हरनाटांड़ रेंज में अब तक 25 से ज्यादा गांवों में ईडीसी का गठन किया जा चुका है। इसके पहले कल 23 ईडीसी समिति का गठन किया गया था। लेकिन वर्तमान में ठाढ़ी ,लक्ष्मीपुर व रमपुरवा में ईडीसी का गठन कर दिया गया है। भेड़िहारी में होने वाला चुनाव हंगामा व भारी भीड़ के कारण विगत दिनों रद्द कर दिया गया था।

» वन एवं वन्यजीवों के सुरक्षा के लिए गठित होता है ईको विकास समिति

## पुरुषोत्तमपुर पुलिस ने दुर्गा पूजा को लेकर निकाला फ्लैग मार्च



**चा० भूमि मैनाटांड**

**मैनाटांड**। पुरुषोत्तमपुर पुलिस ने मंगलवार को शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा के मद्देनजर देखते हुए पुरुषोत्तमपुर में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। इनरवा से निकाले गए मार्च का नेतृत्व इनरवा थाना अध्यक्ष संजीव कुमार और पुलिस पुरुषोमपुर पुलिस बल ने किया।पुलिस बलों ने पैदल मार्च इनरवा से लेकर पुरुषोत्तमपुर बाजार होते हुए प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया और लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने व भाईचारे का संदेश दिया।फ्लैग मार्च के माध्यम से दिया। लोगों से असत्य पर सत्य की विजय के त्यौहार दशहरे को खुशीपूर्वक मनाने की अपील की और दूसरे धर्म व संप्रदाय के लोगों की भावनाओं का भी सम्मान करने की अपील की गयी। अधिकारियों ने इस दौरान असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की खलल डालने पर उनके विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जायेगी। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रशासनिक तैयारी की गयी है।

# भारत पहली बार करेगा विश्व पिकलबॉल चैम्पियनशिप सीरीज की मेजबानी

एजेंसी, मुंबई




अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ (एआईपीए) पहली बार भारत में प्रतिष्ठित विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप (डब्ल्यूपीसी) सीरीज की मेजबानी करने के लिए तैयार है। डब्ल्यूपीसी सीरीज 12-17 नवंबर तक मुंबई में होगी।

चैंपियनशिप के वियतनाम और बाली चरण में अत्यधिक सफल होने के बाद, जहाँ भारतीय टीमों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल किए थे, डब्ल्यूपीसी 2024 में दुनिया भर से सर्वश्रेष्ठ पिकलबॉल प्रतिभाओं को एक साथ लाया जाएगा।

वर्ल्ड पिकलबॉल लीग (डब्ल्यूपीबीएल) द्वारा संचालित, वर्ल्ड पिकलबॉल चैंपियनशिप सीरीज़, भारत में ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, ताइवान, पोलैंड और सिंगापुर जैसे छह से सात देशों के लगभग 650 खिलाड़ी भाग लेंगे। एआईपीए के अध्यक्ष अरविंद प्रभु ने एक बयान में कहा, "हमें विश्व पिकलबॉल चैम्पियनशिप सीरीज़ को भारत में लाने पर बहुत गर्व है। यह पिकलबॉल समुदाय के लिए न केवल भारतीय मंच पर वैश्विक प्रतिभाओं को देखने का एक शानदार अवसर है, बल्कि हमारे लिए सभी स्तरों पर खेल के विकास को बढ़ावा देने का भी एक मौका है। हम अपने घरेलू मैदान पर इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की चैम्पियनशिप और खिलाड़ियों की मेज़बानी करने के लिए उत्साहित हैं, और उम्मीद करते हैं कि हम विभिन्न पीढ़ियों और भौगोलिक क्षेत्रों के लोगों को पिकलबॉल को प्रतिस्पर्धी करियर और अवकाश गतिविधि दोनों के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।"

पिकलबॉल ग्लोबल और डब्ल्यूपीसी सीरीज के संस्थापक जान पापी ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "हम पहली बार भारत में आयोजित होने वाली विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप सीरीज को देखकर रोमांचित हैं। भारत में सभी स्तरों पर इस खेल के लिए अविश्वसनीय क्षमता है, और हम भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिकलबॉल की प्रोफ़ाइल को और बढ़ाने के लिए एआईपीए के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक हैं। डब्ल्यूपीसी को अपने घर लाने की एआईपीए की पहल के साथ, मैं इस प्रतिष्ठित वैश्विक चैंपियनशिप में भारत द्वारा लाई गई ऊर्जा और जुनून का अनुभव करने के लिए उत्सुक हूं।" पिकलबॉल, जिसमें टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के तत्वों का मिश्रण है, वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते खेलों में से एक है, और भारत में इस खेल को अपनाने वाले उत्साही लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। डब्ल्यूपीसी सीरीज भारत और उसके बाहर खेल के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होने का वादा करती है। एआईपीए का उद्देश्य भारत में इस खेल को लोकप्रिय बनाना और पूरे देश में खेल का जमीनी स्तर पर विकास सुनिश्चित करना है। एआईपीए ने पहले ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करके और उन्हें कौशल, आहार, शारीरिक सहनशक्ति और मानसिक स्वास्थ्य में प्रशिक्षण प्रदान करके अपना जुड़ाव और विकास कार्यक्रम शुरू कर दिया है। संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञों की निगरानी में कंडीशनिंग की जाएगी।

# स्टोक्स के चोटिल होने के बाद भी इंग्लिश टेस्ट टीम में नहीं चुने जाने से निराश हैं सैम करन

एजेंसी, नई दिल्ली



सैम करन ने इस गर्मी में बेन स्टोक्स की हैमस्ट्रिंग चोट के बाद टेस्ट टीम में नहीं चुने जाने पर निराशा व्यक्त की है। हालांकि, उन्हें उम्मीद है कि इंग्लैंड के कैरिबियन दौरे में केंद्रीय भूमिका निभाने से सभी प्रारूपों में उनकी साख मजबूत होगी। दो साल पहले ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड की टी20 विश्व कप जीत में प्लेयर ऑफ द फाइनल और टूर्नामेंट चुने जाने के बावजूद, 26 साल की उम्र में करन का अंतरराष्ट्रीय करियर एक दोराहे पर खड़ा है। उन्हें लगता है कि व्हाइट-बॉल क्रिकेट में उनकी भूमिका में स्पष्टता की कमी है, जो फ्रैंचाइज़ी सर्किट में उनकी सफलता की कुंजी रही है।

इसके अलावा, उनका मानना है कि वह उस प्रोफाइल में फिट नहीं बैठते हैं, जिसे इंग्लैंड नए हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम के तहत चाहता है। करन ने इस साल की शुरुआत में कैरिबियन में टी20 विश्व कप में संघर्ष किया, 38.33 की औसत से केवल तीन विकेट लिए और पांच मैचों में कुल 11 गेंद ही खेले। इंग्लैंड के निराशाजनक विश्व कप अभियान के बाद उनका आखिरी वनडे मैच दिसंबर 2023 में था। रेड-बॉल क्रिकेट में, करन ने अपना सबसे हालिया टेस्ट मैच अगस्त 2021 में भारत के खिलाफ खेला था, और उन्होंने मैकुलम के कार्यकाल में 30 मैचों में से किसी में भी हिस्सा नहीं लिया है। यह जीत में योगदान देने के उनके प्रभावशाली रिकॉर्ड के बावजूद है, जिसमें उनके 24 कैप में 16 जीत शामिल हैं। टेस्ट टीम में उनकी अनुपस्थिति का एक कारण इंग्लैंड के सीनियर ऑलराउंडर के रूप में स्टोक्स की भूमिका है। इसके अलावा, करन की शारीरिक विशेषताएँ उनके खिलाफ काम कर सकती हैं। 5 फीट 9 इंच की लंबाई के साथ, उनकी मध्यम गति की गेंदबाजी लंबे, तेज़ गेंदबाजों की मौजूदा पसंद के अनुरूप नहीं है, जैसा कि करन के घरेलू मैदान किआ ओवल में 6 फीट 7 इंच के बाएं हाथ के गेंदबाज जोश हल के हाल ही में टेस्ट डेब्यू से पता चलता है।

# मनु भाकर ने दीपा करमाकर को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए दीं शुभकामनाएं

एजेंसी, नई दिल्ली



डबल ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने दीपा करमाकर को सभी अविस्मरणीय यादों के लिए धन्यवाद दिया। इससे पहले सोमवार को दीपा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर जिमनास्टिक से संन्यास की घोषणा की। मनु भाकर ने मंगलवार को एक्स पर दीपा को उनके "अविश्वसनीय" करियर के बाद भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। मनु ने एक्स पर लिखा, "दिग्गज दीपा करमाकर को उनके अविश्वसनीय जिमनास्टिक करियर के बाद उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। अविस्मरणीय यादों और एक पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद।" एशियाई चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर दीपा ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया था। महिलाओं के वॉल्ट फाइनल में 13.566 के प्रभावशाली कुल स्कोर के साथ, दीपा ने ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता, जबकि दक्षिण कोरिया की किम सोन हयांग ने रजत और उनकी हमवतन ज्यो क्योंग ब्याल ने कांस्य पदक जीता। दीपा की सफलता की कहानी जिमनास्ट की अगली पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी। दीपा ओलंपिक में भाग लेने वाली पहली भारतीय जिमनास्ट हैं। त्रिपुरा की इस लड़की ने रियो ओलंपिक 2016 में महिलाओं के वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रहकर इतिहास रच दिया था, वह 15.066 अंकों के साथ कांस्य पदक से चूक गई थी, जो स्विट्जरलैंड की कांस्य पदक विजेता गिउलिया स्टीनग्रुबर से केवल 0.150 कम था। करमाकर ने ग्लासगो में 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता, खेलों के इतिहास में ऐसा करने वाली वह पहली भारतीय महिला जिमनास्ट बन गईं। उन्होंने एशियाई जिमनास्टिक चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता और 2015 की विश्व कलात्मक जिमनास्टिक चैंपियनशिप में पाँचवाँ स्थान हासिल किया- ये दोनों ही देश के लिए पहली बार थे।

# कोच बनने पर जयसूर्या ने कहा-यह सब आत्मविश्वास और भरोसे की बात है

एजेंसी, कोलंबो

श्रीलंका के नवनियुक्त मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने कहा कि उनकी सफलता के पीछे "आत्मविश्वास और भरोसा" मुख्य कारण थे। इससे पहले सोमवार को, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने पुष्टि की कि पूर्व क्रिकेटर जयसूर्या 2026 में मार्च के अंत तक पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगे। संवाददाताओं से बात करते हुए, जयसूर्या ने कहा कि टीम से पहले श्रीलंका में "आत्मविश्वास और भरोसे" की कमी थी। उन्होंने कहा, "मैंने हमेशा यही कहा है कि यह सब आत्मविश्वास और भरोसे के बारे में है। मैंने टीम के इर्द-गिर्द इसे बनाया और यह बहुत महत्वपूर्ण है। और मुझे लगता है कि इसमें थोड़ी किस्मत भी थी। आप बहुत मेहनत कर सकते हैं, लेकिन आपको कभी-कभी किस्मत की भी जरूरत होती है।" उन्होंने कहा कि टीम में अच्छे और प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं। उन्होंने कहा, "खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। वे जानते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में उन्हें क्या-क्या झेलना पड़ा है। वे वास्तव में निराश थे और मैंने लोगों से श्रीलंका के क्रिकेटरों का समर्थन करने के लिए कहा। वे अच्छे क्रिकेटर हैं और वे प्रतिभाशाली हैं।

# आईएलटी20 सीजन 3: शारजाह वारियर्स के गेंदबाजी कोच नियुक्त हुए क्रिस सिल्वरवुड

एजेंसी, शारजाह



इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर क्रिस सिल्वरवुड को आईएलटी20 के आगामी सत्र के लिए शारजाह वॉरियर्स का बॉलिंग कोच नियुक्त किया गया है, जो हेड कोच जेपी डुमिनी के कोचिंग सेटअप में शामिल होंगे। सिल्वरवुड इससे पहले 2018 में पूर्णकालिक बॉलिंग कोच के रूप में इंग्लैंड की पुरुष राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़े थे और अक्टूबर 2019 में ट्रेवर बेलिस के जाने के बाद हेड कोच का पद संभाला था। पूर्व तेज गेंदबाज फरवरी, 2022 तक उस भूमिका में बने रहे, उसके बाद अप्रैल 2022 में श्रीलंका के हेड कोच के रूप में शामिल हुए, उनके निर्देशन में श्रीलंका ने 2022 में टी20 एशिया कप जीता और 2023 वनडे एशिया कप के फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने हाल ही में ओवल इनविंसिबल्स के बॉलिंग कोच के रूप में काम करना समाप्त किया है, जिन्होंने हेड कोच टॉम मूडी के साथ काम करते हुए इंग्लैंड में 2024 हंड्रेड प्रतियोगिता जीती थी। सिल्वरवुड ने कहा, "मैं शारजाह वॉरियर्स के साथ जुड़कर बहुत खुश हूं, जिन्होंने आगामी आईएलटी20 के लिए एक बहुत ही मजबूत और रोमांचक टीम बनाई है। टीम में अनुभव, युवापन और गतिशीलता है, और मुझे पूरा विश्वास है कि हम साथ मिलकर विपक्षी बल्लेबाजों को नियमित रूप से परेशान कर सकते हैं।" डगआउट में सिल्वरवुड और डुमिनी के साथ दक्षिण अफ्रीकी प्रदर्शन कोच टॉम डॉसन-स्क्विब भी होंगे, जो व्यक्तियों और टीमों में जीतने की मानसिकता और व्यवहार को प्रामाणिक रूप से विकसित करते हैं। शारजाह वॉरियर्स के सीओओ, क्षेमल वैनगंकर ने कहा, "हम ऐसे कोच लाने के लिए उत्सुक थे जो अनुभवी हों और उपमहाद्वीपीय क्रिकेटरों की सांस्कृतिक बारीकियों को समझते हों और क्रिस के रूप में, हमें लगता है कि हमने सही खिलाड़ी को चुना है। दूसरी ओर, टॉम ने पिछले कुछ सत्रों में दक्षिण अफ्रीकी टीम के विकास में एक बड़ी भूमिका निभाई है और हम उसे जेपी और बाकी नेतृत्व समूह के साथ मिलकर वॉरियर्स को एक मजबूत इकाई बनाने के लिए उत्साहित हैं।"

## व्यापार

# घरेलू शेयर बाजार में 2 कंपनियों के शेयरों की लिस्टिंग, पहले दिन ही आईपीओ निवेशकों को 10 प्रतिशत से ज्यादा की चपत

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू शेयर बाजार में आज दो कंपनियों ने लिस्टिंग के जरिए दस्तक दी। इन दोनों कंपनियों के आईपीओ निवेशकों को कमजोर लिस्टिंग की वजह से नुकसान का सामना करना पड़ा। दोनों कंपनियों के शेयर इश्यू प्राइस से कम यानी डिस्काउंट पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से दोनों कंपनियों के शेयर में और गिरावट आई, जिससे ये शेयर लुढ़क कर लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गए।

पेपर से जुड़े प्रोडक्ट तैयार करने वाली कंपनी शुभम पेपर्स के शेयर आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 6.58 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ लिस्ट हुए। कंपनी द्वारा आईपीओ के तहत 152 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए गए थे, लेकिन आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 10 रुपये यानी 6.58 प्रतिशत के नुकसान के साथ 142 रुपये के स्तर पर हुई। डिस्काउंट लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में ये शेयर लुढ़क कर 134.90 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक पहुंच गया। इस तरह इस कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 11.25 प्रतिशत का नुकसान हो चुका है।

शुभम पेपर्स का 93.70 करोड़ रुपये का आईपीओ 30 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हुआ था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसकी वजह से ये आईपीओ ओवरऑल 92.93 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 57.18 गुना, नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 243.16 गुना और रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 48.97 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 61,64,800 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के तहत जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी के कैपिटल एक्सपेंडिचर की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में किया जाएगा।

आज ही धागा बनाने वाली कंपनी पैरामाउंट डाई टेक के शेयरों की नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग के जरिए एंट्री हुई। आईपीओ के तहत कंपनी ने 117 रुपये के भाव पर शेयर जारी किया था, लेकिन आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 6.07 प्रतिशत के डिस्काउंट के साथ 109.90 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से ये शेयर और नीचे गिर कर 104.40 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर आ गया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को अभी तक 10.77 प्रतिशत का नुकसान हो चुका है।

पैरामाउंट डाई टेक का 28.43 करोड़ रुपये का आईपीओ 30 सितंबर को खुलकर 3 अक्टूबर को बंद हुआ था इस आईपीओ को भी निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। ये आईपीओ ओवरऑल 50.09 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 24.30 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने, पुराने कर्ज को चुकाने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में किया जाएगा।

# सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में लगातार तीसरे दिन गिरावट, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। आज ये चमकीली धातु 200 से 220 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ती हो गई है। कीमत में आई इस गिरावट के कारण देश के अधिकांश सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 77,590 रुपये से लेकर 77,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 71,140 रुपये से लेकर 70,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी आज भी 96,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,440 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,490 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, उतार-चढ़ाव के बीच सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की मिली-जुली शुरुआत हुई थी। सेंसेक्स ने गिरावट के साथ कारोबार की शुरुआत की थी, जबकि निफ्टी मामूली बढ़त के साथ खुलने में सफल रहा था। बाजार खुलने के बाद से ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान की स्थिति बनी हुई है, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में भी लगातार उतार चढ़ाव हो रहा है। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.16 प्रतिशत और निफ्टी 0.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक और ट्रेंट लिमिटेड के शेयर 2.10 प्रतिशत से लेकर 1.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और विप्रो के शेयर 3.36 प्रतिशत से लेकर 1.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,373 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,612 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 761 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 15 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

एजेंसी, नई दिल्ली

ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव का असर ग्लोबल मार्केट पर साफ-साफ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और टेक शेयरों में हुई जोरदार बिकवाली के कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.96 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,695.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

इसी तरह नैस्डेक ने 213.95 अंक यानी 1.18 प्रतिशत टूट कर 17,923.90 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 41,886.42 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,303.62 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# रोजगार के मोर्चे पर अच्छी खबर, देश में बढ़ी हायरिंग एक्टिविटी


एजेंसी, नई दिल्ली




पिछले कुछ महीनों की सुस्ती के बाद टेक कंपनियों और स्टार्टअप्स में हायरिंग का दौर एक बार फिर तेज होता हुआ नजर आने लगा है। इन कंपनियों ने हायरिंग गतिविधियों को तेज करते हुए अच्छे टैलेंट की तलाश शुरू कर दी है। इसके पहले के कुछ महीने के दौरान बिजनेस में सुस्ती और फंडिंग की परेशानियों की वजह से टेक कंपनियों और स्टार्टअप्स ने हायरिंग एक्टिविटीज को धीमा कर दिया था। कुछ कंपनियों को इस दौरान अपने खर्चों में कटौती करने के लिए बड़े पैमाने पर छंटनी भी करनी पड़ी थी, लेकिन अब स्थिति में बदलाव होता हुआ नजर आने लगा है। स्टाफिंग फर्म एक्सफेनो की एक रिपोर्ट के अनुसार सितंबर में खत्म हुई तिमाही के दौरान हायरिंग एक्टिविटीज में तेजी आई है। इस दौरान आईटी सेक्टर में क्रमिक बढ़ोतरी भी दर्ज की गई है। हालांकि इस रिपोर्ट में ये भी साफ किया गया है कि हायरिंग एक्टिविटीज में आई तेजी अस्थाई है या टिकाऊ, इस बारे में अभी स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर हायरिंग एक्टिविटीज की यही स्थिति अगली तिमाही में भी कायम रही, तो ये स्थिति में सुधार होने का स्पष्ट संकेत होगा। हायरिंग से जुड़े आंकड़ों पर नजर डालें तो मार्च 2024 में एक्टिव जॉब ओपनिंग पिछले 20 महीने के सर्वोच्च स्तर 1,68,000 तक पहुंच गई थी, लेकिन इसके अगले ही महीने अप्रैल में इसकी संख्या घटकर 1,56,000 रह गई, जबकि मई के महीने में एक्टिव जॉब ओपनिंग की संख्या 1,07,000 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। जॉब ओपनिंग का ये आंकड़ा हायरिंग एक्टीविटीज के पीक से करीब 50 प्रतिशत कम है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि सितंबर में खत्म हुई तिमाही के दौरान आईटी कंपनियां में हायरिंग एक्टिविटीज में तेजी आई है।

# दुर्गा पूजा को लेकर शहर की बदली ट्रैफिक व्यवस्था :एसडीएम

चा ० भूमि ,बेतिया




**बेतिया।** दुर्गा पूजा को लेकर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक व्यवस्था का यह बदलाव 9 से 16 अक्टूबर तक लागू रहेगा। जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सदर बेतिया डॉ विनोद कुमार ने बताया है कि दुर्गा पूजा 2024 के मद्देनजर मेला में आमजनों की सुविधा को देखते हुए बेतिया नगर थाना क्षेत्र के यातायात संबंधित कुछ रूट को डायवर्ट किया गया है। जिसमे तीन लालटेन से जनता जनता सिनेमा चौक तक जाने वाली सड़क वन वे रहेगा। तीन लालटेन से पावर हाउस चौक के रास्ते को बंद किया गया है। जनता सिनेमा चौक से नेपाली चौक होते हुए सागर पोखरा से दाहिने नौरंगाबाग चौक से दाहिने होते हुए आलोक भारती स्कूल जाने वाले मार्ग पर वाहन के आवागमन की अनुमति है। सोवा बाबू चौक चौक से आने वाली गाड़ी सत्यनारायण पेट्रोल पंप के दाहिने से आलोक भारती स्कूल के बाईं ओर सड़क मार्ग होते हुए नौरंगाबाग चौक से बाएं सागर पोखरा की ओर वाहन मार्ग की अनुमति है। वहीं बस स्टैंड से समाहरणालय चौक बड़ी वाहन का प्रवेश वर्जित है। वाहन के आवागमन हेतु बस स्टैंड के बगल से हजारी होते हुए चेक पोस्ट की ओर जाने की अनुमति है। जबकि बस स्टैंड से हरिवाटिका मंदिर के पीछे से स्टैंड चौक की ओर वाहन की आवागमन की अनुमति है। स्टेशन चौक के पास बड़ी वाहन को खड़ा रोकना निषेध है। लालबाजार से राजदेवडी वाले मार्ग पर चार पहिया तीन पहिया दो पहिया वाहन का प्रवेश निषेध है। लालबाजार से सभी वाहन तीन लालटेन चौक से संतरेशा स्कूल होते हुए कमलनाथ नगर के रास्ते सुप्रिया रोड की ओर जाएगी। बैरिया की ओर से खिरिया घाट आने वाली सभी वाहन सुभाष चौक से संत घाट की ओर जाने की अनुमति है। आर्य समाज रोड को वन वे किया गया है। तथा द्वार देवी चौक से आर्य समाज रोड की तरफ वाहन राजगुरु चौक तक जाएंगे। लेकिन राजगुरु चौक से लौटते समय नया बाजार चौक होकर महावीर चौक होते हुएं द्वारदेवी चौक होकर जाएंगे। दुर्गा बाग से बंगाली कॉलोनी जाने हेतु चार पहिया तीन पहिया दो पहिया वाहन का प्रवेश निषेध है। नया बाजार से कालीबाग जाने वाली सड़क पर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध है। इलाराम चौक से कोतवाली चौक जाने वाली सड़क पर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध है। इलाराम चौक से रामलीला मैदान होते हुए घसियारपट्टी जाने वाली सड़क पर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध है। नाजनी चौक से इलाराम चौक से जाने वाली सड़क पर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध है । नौतन से आने वाली सभी प्रकार के वाहनों बसवारिया की ओर नही जाएगी वे सभी वाहन इमली चौक होते हुए सागर पोखरा की ओर आयेगी।


एसडीएम बेतिया

**बनाया गया है पार्किंग स्थल** –दुर्गा पूजा को लेकर शहर में बनाए गए भव्य पूजा पंडालों और उनमें बिठाई गई मां दुर्गा की प्रतिमा देखने बड़ी संख्या में शहरवासी सहित आसपास के लोग आते है। बाइक व अन्य छोटे वाहनो से आने वालो के लिए शहरी इलाके में पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं। जहां वाहन लगा सकते है।

**बच्चों को लेकर मेले में अभिभावक रहे सतर्क** –मेला भ्रमण के दौरान अभिभावक अपने बच्चों के पॉकेट में अपना नाम, पता व मोबाइल नंबर की पर्ची अवश्य डाले। इस बारे में एसडीएम विनोद कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा के अवसर पर शहर में काफ़ी भीड़ बढ़ जाती है जिसमें साथ रहे बच्चे खो जाते हैं। ऐसे में पर्ची की मदद से उन्हें उनके परिजन से मिलाने आसानी होगी। उन्होंने किसी भी तरह कीB संदिग्ध गतिविधियों का पता चलने पर तुरन्त पुलिस या कंट्रोल रूम में सूचना दे।

# बेटियां हमारे समाज की धरोहर



चाणक्य भूमि,बेतिया

**बेतिया।** बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अंतर्गत बिपिन उच्च विद्यालय के 150 छात्राओ को स्कूल बैग एवं एम.एच. एम. किट का वितरण जिला प्रोग्राम पदाधिकारी- सह- नोडल पदाधिकारी मिशन शक्ति के द्वारा किया गया। मौके पर जिला मिशन समन्वयक, मिशन शक्ति, जिला परियोजना प्रबंधक, जेण्डर स्पेशलिस्ट, जिला समन्वयक आई.सी.डी.एस. सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं जिला स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारी गण, सभी प्रखण्ड समन्वयक उपस्थित रहे ।

# जिला के अधिकारियों पर खुले तौर पर काम नहीं करने का सांसद व विधायक ने लगाया आरोप

चाणक्य भूमि बगहा



**बगहा।** बिहार के कई जिले इस समय बाढ़ की वजह से भंयकर संकट से जूझ रहे हैं। लोग मदद के लिए सरकार के भरोसे हैं, लेकिन कई जगहों पर अधिकारी पीड़ित तो छोड़िए, जनप्रतिनिधियों की भी नहीं सुन रहे हैं. खुद जेडीयू के सांसद-विधायक इसकी पोल खोल रहे हैं. इससे लगता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विपक्ष की अब जरूरत नही रह गई है, क्योंकि विपक्ष के भूमिका में उनके ही पार्टी के सांसद और विधायक किरदार निभा रहे हैं. इनके बयानों से लग रहा है कि बिहार में अफसरशाही काफी हावी हो चुकी है। इसी कड़ी में पश्चिम चम्पारण के वाल्मीकी नगर के जेडीयू सांसद सुनील कुमार और विधायक धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने अपनी ही सरकार के खिलाफ बयान देते हुए जिले के अधिकारियों पर काम नहीं करने का आरोप लगाया है। जेडीयू के दोनों नेताओं ने अपनी ही सरकार की किरकिरी करा दी है. बाढ़ के विषम परिस्थितियों में इन दोनों नेताओं ने जिला के अधिकारियों पर खुले तौर पर काम नहीं करने का आरोप लगाया है। जेडीयू सांसद सुनील कुमार का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सांसद बाढ़ पीड़ितों के बीच मौजूद हैं लेकिन अधिकारी उनकी बात नहीं सुन रहे हैं. इसे लेकर जेडीयू सांसद फोन पर नाराजगी जताते हुए दिख रहे हैं. वीडियो में जेडीयू सांसद फोन पर किसी से कह रहे हैं कि क्या मजाक बनाकर रखे हैं आप लोग. सुबह से फोन कर रहे है नहीं उठा रहे हो. इस पर नेता-प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को घेरने की कोशिश की थी। दूसरी ओर इन विषम परिस्थिति में बीजेपी नेताओं ने सरकार और जिला प्रशासन का खूब साथ दिया है. पश्चिम चम्पारण बीजेपी का गढ़ माना जाता है. बीजेपी के डॉ. संजय जायसवाल यहां से सांसद हैं. इसके अलावा केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे भी इसी जमीन से संबंध रखते हैं. बेतिया की विधायक रेणु देवी नीतीश सरकार में मंत्री हैं. इन सभी बीजेपी नेताओं ने बाढ़ की विभीषका में संयम बनाए रखा है और जनता को लगातार यह आश्वासन देते रहे हैं कि जिला प्रशासन और सरकार काम कर रहे हैं।

# लौरिया के बाढ़ पीड़ितों में रोटरी ने बांटा राहत सामग्री



चाणक्य भूमि (बेतिया)

**बेतिया।** रोटरी क्लब बेतिया सेन्ट्रल ने लौरिया के मठियरिया गांव के धांगर टोली में करीब दो सौ बाढ़ पीड़ितों में राहत सामग्री बांटा।राहत में चूडा, गुड़ पांव रोटी का वितरण किया।जानकारी रोटरी के अध्यक्ष सुजय कुमार सिन्हा, ने दी।उन्होंने बताया कि बाढ़ के कारण वहां की स्थिति काफी दयनिय है। लोग अपना घर छोड़ कर रोड पर रह कर जीवन काट रहे हैं। बच्चे की हालत तो और खराब है ।मौके पर अभिनव दत्त त्रिपाठी, शीला रंजन आदि उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा को ले मैनाटाड़ में निकाला गया फ्लैग मार्च

चाणक्य भूमि,मैनाटाड़



दुर्गापूजा को सौहार्द पूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड में है। सीमावर्ती क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों को शांति का पैगाम दिया गया।मैनाटाड़ थाना क्षेत्र के रमपुरवा ,मैनाटाड़, पदमौल ,पुरैनिया,बस्ठा ,पिपरा,चिउटाहा,धोबनी आदि गांवों में फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में नवरात्रि को मनाने की अपील की गयी। फ्लैग मार्च में सीओ आशीष आनंद,मैनाटाड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार के नेतृत्व में निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से दुर्गापूजा के मौके पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, सरकार के निर्देशों का पालन करने, अफवाहों से बचने, संदिग्धों के बारे में पुलिस को सूचना देने, डीजे नहीं बजाने समेत सरकार के दिशा-निर्देश को मानने की अपील की गयी। पूजा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि दुर्गापूजा को लेकर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी निगाह है। पुलिस चिन्हित जगहों पर ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। पूजा के दौरान क्षेत्र में जिला से भी पुलिस बल के साथ साथ दंडाधिकारी की तैनाती की जायेगी। मौके पर पुलिस और एसएसबी के जवान शामिल रहें।

# हाइड्रोसिल मरीजों के ऑपरेशन का लक्ष्य करें हासिल :एसीएमओ डॉ रमेश चंद्रा

चा ० भूमि,बेतिया



» जिले में हाइड्रोसील के हैं 721 मरीज
» इस महीने 15 का हुआ है ऑपरेशन

जिले के हाइड्रोसिल मरीजों के लिए खुशखबरी है।जिले के अनुमण्डलीय अस्पतालों में भी अब हाइड्रोसिल मरीजों का मुफ्त ऑपरेशन किया जा रहा है। मरीजों के लाइन लिस्टिंग व व्यवस्था को लेकर अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने इस सम्बन्ध में सभी जिले के सीएस को पत्र भेजकर अवगत कराया है। जिले के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा ने बताया कि जिले में 721 हाइड्रोसिल मरीज हैं। उन्होंने बताया कि इस महीने 15 हाइड्रोसिल मरीजों का ऑपरेशन हुआ है। इनमें गर्वमेंट अस्पताल बेतिया में 07, अनुमंडल अस्पताल बगहा में 03, अनुमंडल अस्पताल नरकटियागंज में 05 ऑपरेशन किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को मरीजों की लाइन लिस्टिंग कर मार्च 2025 तक सभी हाइड्रोसिल मरीजों की शल्य चिकित्सा कराने का निर्देश दिया गया है। बगहा अनुमण्डलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि अनुमंडल अस्पताल बगहा में 03 मरीजों का ऑपरेशन किया गया है। बाढ़ के कारण कार्य प्रभावित हुआ है। जल्द ही अन्य मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत लाइन लिस्ट के अनुसार चिन्हित हाइड्रोसिल मरीजों को ऑपरेशन करवाने हेतु जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शल्य चिकित्सा कराये जाने को लेकर राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा सभी बैकलॉग को मार्च 2025 तक समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए अनुमंडल स्तर से हमलोग प्रयासरत हैं।

डीभीबीडीसीओ डॉ एन के प्रसाद ने सभी 18 प्रखंडों के प्रभारियों को निर्देशित किया है कि हाइड्रोसिल के मरीजों को लाईन लिस्टिंग के अनुसार चिन्हित कर इनकी शल्य चिकित्सा कराना सुनिश्चित करें। इस हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/ रेफरल अस्पताल/जिला अस्पताल/ अनुमंडलीय अस्पताल प्रक्रिया का पालन करते हुए कैम्प मोड पर शल्य चिकित्सा शिविर लगाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करना सुनिश्चित करें। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत प्राइवेट अस्पताल में भी हाइड्रोसिल मरीजों की शल्य चिकित्सा हेतु प्रोत्साहन करते हुए ऑपरेशन किये गये आँकड़ों को भी इसमें शामिल करें। इस कार्यक्रम के लिए जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु प्रचार-प्रसार एवं मोबिलाइजेशन पर ध्यान दें ताकि शत प्रतिशत लक्ष्य मार्च 2025 तक प्राप्ति किया जा सके।

# सरसो तेल की बोतल में मिला मृत छिपकली, उपभोक्ता दहशत में

» मझोलिया के सरिसवा की घटना

चाणक्य भूमि,मझौलिया



**मझौलिया।** एक महिला उपभोक्ता को सुप्रीम कोल्हू ब्रांड के सील पैक सरसो तेल में मृत छिपकिली मिली है।इससे पूरे गावं में हाहाकार मचा है।घटना सरिसवा पंचायत के बनकट गांव की है। महिला उपभोक्ता लालपरी देवी ने बताया कि वह सरिसवा बाजार के एक किराना दुकान से सरसो का तेल खरीदी। घर लाकर सब्जी में डालने के लिए जैसे ही सरसो तेल का बोतल उठायी उसे बोतल के अंदर मृत छिपकिली दिखाई दिया।वह घबरा गयी,और गांव वालों को दिखाने लगी।बोतल बन्द छिपकिली देख लोगों में सनसनी फैल गयी। कई युवको ने बोतल बन्द छिपकिली युक्त सरसो तेल का वीडियो बनाकर वायरल किया। घटना की पुष्टि सरिसवा पंचायत के मुखिया सोहन साह ने की।महिला ने बताया कि दिन के उजाले में छिपकिली दिख गया वरना रात में तेल में खाना बनता तो कोई न कोई अनिष्ट हो जाता। इस सरसो तेल की बोतल पर सुप्रीम कोल्हू ब्रांड का स्टिकर लगा हुआ है।मामले को लेकर लोगों में दहशत है।

























स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714